''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 274 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 19 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## मिलावटी खादय सामग्री बेचकर जिंदगियों के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : राजेश नागर

**जमीन से कब्जा ना छोड़ने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश**

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, बिजली विभाग ने चालू की बिजली**

**डीडीपीओ को मौके का निरीक्षण कर कार्रवाई करने के दिए आदेश**

**एसडीएम के नेतृत्व में गठित कमेटी करेगी जांच**

**पंचायती जमीन पर दरवाजा खोलने के मामले में तुरंत कार्रवाई करे डीडीपीओ**

**नगराधीश 10 दिनों के अंदर शराब के ठेके के मामले में सौंपेंगे रिपोर्ट**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि कुरुक्षेत्र में मिलावटी खादय सामग्री बनाने और बेचने वालों को किसी भी कीमत पर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इस जिले में जो भी व्यक्ति मिलावटी खादय सामग्री बनाएगा या बेचेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राज्यमंत्री राजेश नागर बुधवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री राजेश नागर ने एजेंडे की 14 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए 7 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और शेष शिकायतों पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए है। राज्य मंत्री राजेश नागर ने सैक्टर 3 रामपुरा निवासी प्रेम चंद की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में जिस भी व्यक्ति ने मिलावटी पनीर बनाया है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, हालांकि इस मामले में इन्सपेक्टर डा. अमित कुमार ने अपनी रिपोर्ट रखते हुए जानकारी दी कि सेक्टर 3 में मिलावटी और नकली पनीर बनाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और 3 सैम्पल जांच के लिए लैब में भेजे है। इस लैब की रिपोर्ट आगामी 15 दिनों में आएगी।

मंत्री नागर ने कहा कि सैम्पलों की रिपोर्ट आने के बाद अगर सैम्पल फेल आते है तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इस मामले में प्रशासन भी अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपे ताकि नियमानुसार दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना भी प्रावधान के अनुसार लगाया जाए। राज्य मंत्री ने गांव उमरी निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त को निर्देश दिए कि गुराया फार्म में 4 परिवारों में 26 सदस्यों को पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए टयूबल लगवाने की अनुमति दे और पंचायत विभाग की तरफ से टयूबल लगवाया जाए। इस बैठक में इंद्री चौक लाडवा निवासी शिवचरण की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि लाडवा चौक से अतिक्रमण हटाने का मामला अदालत में लम्बित है,इसलिए अदालत का फैसला आने के बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा राज्य मंत्री ने गांव हसनपुर निवासी रघबीर सिंह, गांव लौहार माजरा निवासी सुरजीत, कमल सूढ़, ग्राम पंचायत डेरू माजरा निवासी अशोक सैनी, गांव अंटहेडी निवासी कर्ण सिंह की शिकायतों पर सुनवाई की और समाधान किया।

मंत्री राजेश नागर ने एजेंडे के अलावा लोगों की समस्याओं को सुना। इसमें से एक समस्या पर सुनवाई करते हुए राज्य मंत्री ने एक अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए है। इसके अलावा हाउस की बैठक में बिना अनुमति के गैर हाजिर रहने पर लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करने के आदेश दिए है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है और देश में मुआवजे के रूप में भी सबसे ज्यादा राशि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी गई है। अब पंजाब सरकार को किसानों को एमएसपी देना चाहिए और उनकी समस्याओं को सुनना चाहिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने मेहमानों का स्वागत कर एजेंडे की शिकायतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, जिला परिषद चेयरमैन कवलजीत कौर, घुमंतु जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जयसिंह पाल, शाहबाद से भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना सहित अन्य भाजपा नेता, अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद थे।

## महिला सुरक्षा के मध्य नजर पुलिस उपायुक्त ने ली क्राइम मीटिंग



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस महिला सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है साथ ही अवैध नशा के विरुद्ध भी विशेष अभियान चला रही है, इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त एनआईटी फरीदाबाद कुलदीप सिंह, IPS द्वारा एनआईटी जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्त,थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया है, गोष्ठी के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं के अधिक आवागमन प्वाइंट्स को चिनहित करके तथा वहां पर राइडर तथा ERV की ड्यूटी लगाई जाने बारे निर्देशित किया गया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पीडतिा शिकायत लेकर थाने व चौकी में आती है तो बिना किसी देरी के तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि फरीदाबाद पुलिस शहर को नशा से मुक्त करने का संकल्प ले चुकी है नशे के दुष्प्रभावों बारे लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें साथ ही नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मोटरसाइकिल पर पटाखे छोड़ने वाली बाइकों के चालान किए जाएं व तीन सवारी वाली मोटरसाइकिल के खिलाफ भी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी प्रबंधक थाना व चौकी प्रभारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से गस्त की जाए।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लगाए गए साइन बोर्ड ग्रिलों को ठीक कराया गया



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस फरीदाबाद आमजन को सड़क मार्ग पर सुरक्षित रखने व यातायात को सुगम बनाने के लिए तत्पर है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए यातायात पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे व बाईपास रोड पर टूटी हुई ग्रिल को ठीक कराया गया तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्र में साइन बोर्ड लगवाए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि आमजन द्वारा हाईवे क्रॉस करने के लिए लगी ग्रिल को तोड़कर रास्ते बनाए गए हैं जिसके कारण दुर्घटना की संभावना रहती है और आमजन का जीवन खतरे में पड़ता है, जिसको देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे पर टूटी हुई ग्रिल को ठीक कराया गया है, साथ ही दुर्घटना संभावित स्थानों पर वार्निंग बोर्ड लगवाए गए हैं। यातायात पुलिस फरीदाबाद की आमजन से अपील है कि यातायात को सुगम बनाने में फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करें। नेशनल हाईवे पर बनाए गए फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। सड़क पर बने वार्निंग हॉटस्पॉट पर नियंत्रित गतिसीमा में वाहन चलाएं। यातायात नियमों का पालन करके खुद सुरक्षित रहें तथा दूसरों को भी सुरक्षित रहने में सहयोग करें।

## इवांका स्पोर्ट्स कप 8वें टूर्नामेंट का आयोजन रविंद्र फागना क्रिक्रेट भूमि ग्राउंड में किया गया




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** यह मैच जे.पी क्रिकेट अकादमी और गुलाब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मैं जे.पी क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया, यह मैच 40 ओवर का था और जे.पी क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 32.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 145 रन का लक्ष्य दिया ।गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए देवांग शर्मा ने 55 गेंद पर 7 चौके और 2 छक्के की मदद से 63 रन बनाए और तन्मय ढिंगड़ा ने 40 गेंदों पर 1 चौके की मदद से 21 रन बनाए। जे.पी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए तुषार कुमार ने 7.2 ओवर में 1 मेडन 32 रन देकर 4 विकेट, मेहान ने 7 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट ओर प्राखर शुक्ला और चरन भंगेल ने 11 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए जे.पी क्रिकेट अकादमी ने 26.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाकर जीत हासिल की जे.पी क्रिकेट अकादमी की और से बल्लेबाजी करते हुए चरन भंगेल ने 89 गेंद पर 17 चौके और 1 छक्के की मदद से 103 रन बनाए और परमेश अत्री ने 46 गेंदों अपर 23 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद कैफ ने 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच चरन भगेल व फाइटर ऑफ द मैच देवांग शर्मा को घोषित किया गया।

## अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन नई दिल्ली में होगा

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 3 से 8 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में होगा। इस टूर्नामेंट में महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। साथ ही, क्रिकेट, बास्केटबॉल, कबड्डी और टेबल टेनिस जैसी अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट 3 से 10 जनवरी तक भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड, अशोक विहार, विकास पूरी क्रिकेट ग्राउंड, जी-ब्लॉक के पीछे सोनिआ पीवीआर, नई दिल्ली, केंद्रीय सचिवालय क्रिकेट ग्राउंड, विनय मार्ग चाणक्यपुरी, एस.बी.वी शकूरपुर क्रिकेट ग्राउंड, ब्रिटानिया चौक दिल्ली में खेला जाएगा। बास्केटबॉल मुकाबले 3 से 8 जनवरी तक लोक विहार आनंदवास, एफ यू ब्लॉक, पीतमपुरा और बाल भारती स्कूल पीतमपुरा में आयोजित होंगे। कबड्डी के मैच 3 से 8 जनवरी तक त्यागराज स्टेडियम में होंगे, जबकि टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 से 20 दिसंबर 2024 तक त्यागराज स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

## हरियाणा पुलिस के नशामुक्त अभियान के अंतर्गत पल्ला गांव को किया नशा मुक्त घोषित

**पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा ने गांव वासियों को दिया सर्टिफिकेट**

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार पूरे हरियाणा में नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है, फरीदाबाद पुलिस द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए इलाका थाना में, स्कूल, कॉलेज व भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जागरूकता अभियान व खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। पुलिस के प्रयास उपरांत नशा मुक्त हुए गांव/ वार्ड/ सेक्टर को संबंधित पुलिस अधीक्षक/ पुलिस उपायुक्त द्वारा नशा मुक्त होने बारे सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसी क्रम में थाना पल्ला की टीम द्वारा किए गए प्रयासों के अंतर्गत गांव पल्ला को नशा मुक्त किया गया है, जिस पर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, उषा द्वारा पल्ला ग्राम वासियों को गांव के नशा मुक्त घोषित होने पर सर्टिफिकेट दिया है तथा नशा मुक्त होने का बोर्ड भी लगवाया गया है।

## नगर निगम के सभी 46 वार्डों में किये गए मतदाता सूचना एवं संग्रह केंद्र स्थापित

**उपायुक्त ने अधिकारियों की जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के दिए निर्देश**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं और आम जनता को मतदाता सूची के बारे में जानकारी प्राप्त करने और दावे एवं आपततियां दर्ज कराने के लिए डीसी विक्रम सिंह ने नगर निगम की क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर पर्याप्त संख्या में मतदाता सूचना एवं संग्रह केंद्र (वीआईसीसी) स्थापित करने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वीआईसीसी केंद्रों से मतदाताओं को जानकारी प्राप्त करने और दावे एवं आपततियां दर्ज कराने में सुविधा होगी।

ये केंद्र पूरी तरह से कंप्यूटर और ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन से सुसज्जित होंगे।

**सभी वार्डों में स्थापित मतदाता सूचना एवं संग्रह केंद्रों व अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची इस प्रकार है :-**

वार्ड न.1. के जल घर, मेन सोहना रोड, फायर ऑफिस के पीछे, सेक्टर- 25 में अजीत, जेई (9599780866) व रमेश कुमार(7419011603), वार्ड न. 2 के जल घर, मेन सोहना रोड, फायर ऑफिस के पीछे, सेक्टर- 25 में लखमी तेवतिया, जेई (8930195233) व शिव ओम स्वामी (9896706098), बलराज, जे.ई., (8708143312) वार्ड न. 3 के सामुदायिक केंद्र, एनआईआईएमएस अस्पताल के पास, सेक्टर-23 ए में अजय कुमार, जे.ई (7291000231) व जसवंत (8708407485), वार्ड न. 4 सेक्टर-22, सरकारी स्कूल के पास में विजय कुमार, जे.ई. (9996168166) व विकास (8708512822), वार्ड न. 5 के सामुदायिक केंद्र, एनआईआईएमएस अस्पताल के पास, सेक्टर-23 ए, में प्रमोद शर्मा, जे.ई. (8860141969) व मनु (9813539603) वार्ड न. 6 के अग्रवाल बूस्टर, नंगला रोड, अग्रवाल स्कूल के पास में बलराज, जे.ई. (8708143312) व रजत सैनी (8684990435), वार्ड न. 7 के आयशर चौक/सारण चौक के पास प्रवीण शर्मा, जे.ई.(9582291229) व दिनेश कुमार (9817435260), वार्ड न. 8 के बंगा चौक, डबुआ-पाली रोड में मनोज कुमार, जे.ई.(9599780870) व शाहिद हुसैन (9671646760), वार्ड न. 9. बंगा चौक, डबुआ-पाली रोड में दीपक अहलावत, जे.ई. (8053681868) व शाहिद हुसैन (9671646760), वार्ड न. 10 बंगा चौक, डबुआ-पाली रोड दिनेश आर्य, जे.ई. (9599780865) व शाहिद हुसैन (9671646760), वार्ड न-11 के तिकोना पार्क मार्केट में आरिफ़ हुसैन, जे.ई., (9991462001) व दलीप, वार्ड न. 12. के तिकोना पार्क मार्केट में कपिल भारद्वाज, जे.ई. (9416635305) व दलीप, वार्ड न. 13 के तिकोना पार्क मार्केट में संदीप राणा, जे.ई. (8076567826) व अंजलि (8851740961), वार्ड न. 14 के नर्सरी बाग, एनएच-5, फलों का बगीचा में वीक्रम (9813829745) व नरेंद्र, वार्ड न.-15 के मेट्रो रोड, बीके चौक के पास में आशीष शर्मा, जे.ई. (9599780817) व रवि (8683871747), वार्ड न. 16 के श्री राम मॉडर्न स्कूल, गली नं. 4, ब्लॉक ए, एसजीएम नगर में पूनम, जे.ई. (8287102857) व संदीप (9992463274), वार्ड न. 17 के मेट्रो रोड, बीके चौक के पास में अरुण कुमार, जे.ई. (9813057098) व रवि (8683871747), वार्ड न. 18 के बूस्टिंग स्टेशन-21ए, (महिला पुलिस स्टेशन के पास) श्री राम मॉडल स्कूल के पीछे, सेक्टर-21 ए में मोहम्मद खालिद, जे.ई., (9817231129) व नीरज (9992292692), वार्ड न. 19 श्री राम मॉडर्न स्कूल, गली नं. 4, ब्लॉक ए, एसजीएम नगर में शिव कुमार, जे.ई., (9599780862) व नीरज (9992292692), वार्ड न. 20 के ट्यूबवेल नं. 1, सेक्टर-45, एच. नं. 681 में हर्षवर्धन चरप्राणा, जे.ई. (9999762010) व नीरज (9992292692), वार्ड न. 21 के ट्यूबवेल नं. 1, सेक्टर-45, एच. नं. 681 के पास में प्रवीण बैसला, जे.ई., (9599780864) व नीरज (9992292692), वार्ड न. 22 के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लक्कड़पुर में विशाल कुमार, जे.ई., 7015706286 व उस्मान (9891928279), वार्ड न. 23 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लक्कड़पुर में संदीप तलवार, जे.ई., (9582693523) व उस्मान (9891928279), वार्ड न. 24. के सेक्टर-28 मार्केट, रघुनाथ मंदिर के पास, ओप्पो- सेक्टर-28 सामुदायिक केंद्र, में नीरज अहलावत, जे.ई., (9992199974) व राजेश पांडे (9871041044) वार्ड न. 25 सूर्य नगर, फेज-द्धद्ध, सेक्टर-91, में योगेन्द्र, जे.ई., (9650544310) व भगवान दास (9818263456) वार्ड न. 26 के सूर्य नगर, फेज़-द्धद्ध, सेक्टर-91 में सुमित, जे.ई., (9625452559) व भगवान दास (9818263456), वार्ड न. 27 सूर्य नगर, फेज-द्धद्ध, सेक्टर-91 में कृष्ण, जे.ई.(9990925659) व भगवान दास (9818263456), वार्ड न. 28 के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तिलपत में नरेंद्र, जे.ई., (9466960310) व नवीन गोठवाल (7703816715), वार्ड न. 29 के सेक्टर-28 मार्केट, रघुनाथ मंदिर के पास, सेक्टर-28 कम्युनिटी सेंटर के सामने में नाजिम, जे.ई., (8375866768) व राजेश पांडे (9871041044), वार्ड न. 30. के सेक्टर-28 मार्केट, रघुनाथ मंदिर के पास, सेक्टर-28 कम्युनिटी सेंटर के सामने में गौतम भाटी, जे.ई., (8860787378) व सचिन चौहान (9990899134), वार्ड न. 31. के फरीद पार्क, बूस्टिंग स्टेशन, महिला आईटीआई के पास पुराना एफबीडी में महेंद्र सिंह, जे.ई., (8130599902) व हिना भाटिया (9643162439), वार्ड न. 32 के सेक्टर-18, डिस्पोजल, खेड़ी पुल के पास, बाईपास में दिवाकर, जे.ई. (9716485462) व अंजलि, (8851740961), वार्ड न. 33, चुंगी ऑफिस, नीलम फ्लाईओवर के पास में सुनील कुमार, जे.ई., (8708132065 /8930392205) व हरजेन्दर (9899900339), वार्ड न. 34 के सेक्टर-28, एमसीएफ ऑफिस, कम्युनिटी सेंटर के पास देवेंद्र जाखड़ जे.ई. (9215157474) व अजय राघव (9711795774), वार्ड न.35 के सेक्टर-14 मार्केट, पुलिस चौकी के पास, फरीदाबाद में जतिन यादव, जे.ई., (8368302937) व कप्तान (8743074333), वार्ड न.36 के सेक्टर-16 मार्केट, मदर डेयरी बूथ के पास में वीर सिंह, जे.ई. 7838713993 व ताजेंदर सिंह (7011127922), वार्ड न. 37 के ट्यूबवेल नंबर 27, एच. नंबर 147 के पास, सेक्टर-9 में रविंदर, जे.ई., (9013947499) व बिशन (9810467348), वार्ड न. के 38 के दशहरा ग्राउंड, एमसीएफ ऑफिस बल्लभगढ़ के पास में दीपक गुज्जर, जे.ई. (7428507686) व कप्तान (8743074333), वार्ड न. 39. के सेक्टर 6-7 डिवाइडिंग रोड पर कल्पना विदेशी कंपनी के सामने, सेक्टर-7 में अंकित गोयल, जे.ई. (9053310800) व अजय राघव (9711795774), वार्ड न. 40 के दशहरा ग्राउंड, एमसीएफ ऑफिस बल्लभगढ़ के पास में विपिन कुमार, जेई (9467447041) व कप्तान (8743074333), वार्ड न. 41 के संयुक्त आयुक्त कार्यालय चंदावली जोन में परवेज़ आलम, जे.ई (9871701570) व अंकेश कुमार (9034880765), वार्ड न. 42. के संयुक्त आयुक्त कार्यालय चंदावली जोन में सागर शर्मा, जे.ई., (9315235915) व छत्तरपाल (9643383428), वार्ड न. 43 संयुक्त आयुक्त कार्यालय चंदावली जोन में रितु बंसल, जे.ई., (9540355255) व मदन लाल (8571065508), वार्ड न. 44 के संयुक्त आयुक्त कार्यालय चंदावली जोन में टिंकू, जे.ई., (9812174085) व विनीत कुमार (8708935942), वार्ड न. 45 के संयुक्त आयुक्त कार्यालय चंदावली जोन में विनोद, जे.ई., (9053466205) व कृष्ण (9306582692), वार्ड न. 46 के संयुक्त आयुक्त कार्यालय चंदावली जोन में करण रावत (8860700998), जे.ई. व राहुल (9728577232) की ड्यूटी लगाई गई है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

जानकारी

# सिरदर्द के होते हैं कई कारण

## राहत के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

सिरदर्द एक आम बीमारी है, जिसे हममें से कई लोग गंभीरता से लेने के बारे में नहीं सोचते। लेकिन क्या यह सही है? काम का बोझ और तनाव, परीक्षा का दबाव आदि सिरदर्द के अनेक कारण हैं। इससे छुट्टी पाने के लिए एस्पिरिन की एक गोली खा लेना सबसे आसान तरीका लग सकता है, लेकिन इसमें अन्य गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं, जो अनदेखी रह सकती हैं। अधिकतर सिरदर्द मामूली होते हैं। इनके सामान्य कारण तनाव, माइग्रेन, आंखों पर जोर, निर्जलीकरण, लो ब्लड शुगर और साइनसाइटिस हो सकते हैं।

### सिरदर्द के कारण–




सिरदर्द नसों में समस्या के कारण हो सकता है। इस तरह के सिरदर्द का सबसे सामान्य रूप माइग्रेन या अधकपारी है। कुछेक खास खाद्य पदार्थों से भी सिरदर्द हो सकता है। ऐसे खाद्य पदार्थों में गोभी, टमाटर, प्याज, बैंगन, अनन्नास, आलू, डिब्बाबंद मछली, चॉकलेट, स्मोक्ड मांस, दही, कैफीन, पनीर और खमीर आधारित खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

### सिरदर्द का उपाय

सिरदर्द और माइग्रेन को उभारने के लिए जिम्मेदार किसी खाद्य पदार्थ से बचना मुश्किल हो सकता है। उचित निदान के लिए हेल्थ प्रोफेशनल्स से परामर्श लेना सही होगा। एक बार जब आपको अपने सिदर्द और माइग्रेन के लिए जिम्मेदार कारकों का पता चल जाता है तब आप भविष्य में होने वाले इनके हमले से खुद को बचा सकते हैं।

मछली के तेल जैसे ओमेगा-3 वसा से सिरदर्द की शुरुआत को रोकने में मदद मिल सकती है। इसी तरह लहसुन (ताजा या कैप्सूल के रूप में) भी इस स्थिति के लिए एक प्रभावी उपाय है। रोजाना अलसी के बीजों का सेवन करें। इनमें ओमेगा-3 वसा होते हैं, जो प्रोस्टैग्लैंडीन के निर्माण को नियंत्रित करते हैं। प्रोस्टैग्लैंडीन हार्मोन जैसे पदार्थ होते हैं जो जो दर्द को काबू करते हैं। थोड़ा-सा अदरक खाएं। यह भी प्रोस्टैग्लैंडीन को नियंत्रित करने में मदद करता है। एक चम्मच अदरक का अचार या सिर्फ ताजा अदरक का एक इंच लंबा टुकड़ा लें। उस पर नीबू का रस और काले नमक का पाउडर छिड़के और धीरे-धीरे चबाएं। ध्यान और गहरी सांस लेने से संबंधित व्यायाम भी तनाव और दबाव से मुक्त होने के अच्छे तरीके हैं।

इसके अलावा मांसपेशियों की समस्याओं से संबंधित सिरदर्द को फिजियोथेरेपी के माध्यम से हल किया जा सकता है।



# दिल को सेहतमंद रखने के लिए रोजाना लें अच्छी नींद

## नींद न आने वालो के लिए ये हैं कुछ खास टिप्स

क्या आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं? तो फिर आपको अपनी सेहत के प्रति थोड़ा सावधान होने की खास जरूरत है। यह सुनने में हैरतअंगेज लग सकता है, लेकिन नींद का दिल की बीमारियों से रिश्ता हो सकता है।

जो लोग पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं, उन्हें दिल की बीमारियों का अधिक खतरा होता है। ये बीमारियां रक्तवाहिनियों अर्थात कार्डियोवेस्कुलर और धमनियों अर्थात कोरोनरी से संबंधित हो सकती हैं। अगर आप इन जोखिमों को कम करना चाहते हैं, तो आपको पर्याप्त समय तक गहरी नींद जरूर लेनी चाहिए।

शोधकर्ताओं के अनुसार, बहुत कम सोने से हमारे स्वास्थ्य और जैविक प्रक्रियाओं पर असर पड़ता है। इससे ग्लूकोज के पाचन में गड़बड़ी आ सकती है, रक्तचाप असामान्य हो सकता है और सूजन की समस्या हो सकती है।

नींद की कमी से उच्च रक्तचाप हो सकता है, तंत्रिका तंत्र की गतिविधि असामान्य हो सकती है और हृदय गति बढ़ सकती है। हालांकि ज्यादा सोने से भी ये समस्याएं हो सकती हैं। जब हम सोते हैं, तब हमारा रक्तचाप कम हो जाता है। लेकिन पर्याप्त नींद नहीं लेने पर रक्तचाप बढ़ने की संभावना रहती है।

ज्यादा कामकाज के बोझ से दिल पर दबाव पड़ता है, जो सेहत के लिए नुकसानदेह है। ऐसी स्थितियां अकसर दिल की बीमारी की ओर ले जाती हैं। अगर नींद सामान्य हो तो रक्तचाप का स्तर भी सामान्य रहेगा।

नींद से वंचित व्यक्तियों में तनाव से जुड़े कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर ऊंचा हो जाता है जो शरीर को खतरे में डालता है, क्योंकि यह वजन और इंसुलिन के स्तर को बढ़ाता है।

एक व्यक्ति को एक दिन में कितना सोना चाहिए? इस सवाल का



जवाब हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है। लेकिन आमतौर पर हममें से ज्यादातर लोगों को प्रतिदिन सात से आठ घंटे सोने की जरूरत होती है। जो लोग एक दिन में पांच घंटे से भी कम समय तक सोते हैं, उन्हें धमनी से जुड़ी दिल की बीमारियों का जोखिम सामान्य लोगों के मुकाबले 40 फीसदी अधिक होता है।

दरअसल नींद की कमी कोरोनरी धमनियों को प्रभावित करती है, जिससे दिल का दौरा पढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। अपर्याप्त नींद चिडचिडापन, अधीरता, एकाग्रता में बाधा और आक्रामकता की ओर ले जाती है तथा पूरे दिन थकान का एहसास कराती है। वैकल्पिक चिकित्सा में अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नींद को महत्वपूर्ण बताया गया है। वैज्ञानिक सबूत बताते हैं कि नींद की कमी किस प्रकार बीमारियों का खतरा बढ़ा देती है।

### नींद को बेहतर बनाने के उपाय

- अपने वजन को संतुलित बनाए रखें।
- नियमित व्यायाम करें।
- रात को एक गिलास गर्म दूध पिएं (मलाई रहित)
- रात में मसालेदार और तैलीय भोजन करने से पूरी तरह बचें।
- रात में कॉफी और चाय लेने से बचें।
- कैल्शियम सप्लीमेंट लें।
- अनुकूल वातावरण में सोएं और मन को शांत करने वाली दिनचर्या अपनाएं। जैसे- पड़ना, कैमोमाइल चाय पीना, स्नान करना या मधुर संगीत सुनना।



## सर्दियों में त्वचा के अनुसार करें क्रीम का चुनाव

अक्सर लोगों को यह शिकायत रहती है कि महंगी से मंहगी क्रीम लगाने के बाद भी यह तो त्वचा रूखी और बेजान लगती है या फिर जरूरत से ज्यादा ऑयली दिखाई देने लगती है। पर क्या आप जानते हैं इसमें गलती आपकी क्रीम की नहीं बल्कि आपके क्रीम को लेकर किए गए गलत चुनाव की है। जी हां खास बात यह है कि लोगों को यह समस्या सर्दियों के मौसम में ज्यादा परेशान करती है। अगर आप भी सर्दियों में अक्सर यह परेशानी झेलते हैं तो परेशान होने की जगह इस मौसम में सही क्रीम चुनने के लिए ट्राई करें ये शानदार टिप्स।

**ड्राई स्किन** - ड्राई स्किन में ऑयल की कमी होने की वजह से क्रीम लगाने के बावजूद वो जल्दी ही रूखी नजर आने लगती है। इस तरह की स्किन सर्द मौसम में फटती भी बहुत जल्दी है। इस तरह की त्वचा के लिए क्रीम चुनते समय उसमें हाइड्रेटिंग गुण देखना बिल्कुल न भूलें।

**ऑयली स्किन** - इस तरह की त्वचा चेहरे पर ऑयल छोड़ती है जिसकी वजह से चेहरा हमेशा चिपचिपा सा लगता है। इस तरह की स्किन पर धूल-मिट्टी लगने से व्यक्ति को पिंपल्स की समस्या अधिक होती है। ऐसे में आपको ऐसी क्रीम का चुनाव करना चाहिए जिसमें जेल, सीरम और कम हाइड्रेटिंग गुण वाली क्रीम का चुनाव करना चाहिए।

**सेंसेटिव स्किन** - इस तरह की स्किन वाले लोगों को सर्दी के मौसम में इचिंग की समस्या हो सकती है। ऐसे लोगों को खुद के लिए क्रीम का चुवान करते समय बेहद सतर्कता से काम लेना चाहिए वरना इन्हें एलर्जी हो सकती है। सेंसेटिव स्किन वाले लोगों को क्रीम का चुनाव करते समय एंटीऑक्सिडेंट वाली जिसमें खुशबू न हो ऐसी क्रीम का चुनाव करना चाहिए।

सेहत

# फैशन में छाया आर्टिफिशियल फर का जादू

मौसम और माहौल का तकाजा है कि अब फॉ यानी नकली फर से लोगों पर असली रौब जमाया जाए, क्या आपको लोकप्रिय टीवी शो 'सेक्स एंड द सिटी' की मुख्य पात्र कैरी ब्रैडशॉ (जिसे सारा जेसिका पार्कर ने निभाया था) का ब्लीच रकून फर कोट याद है? उस दृश्य में कोट को उन्होंने एक चमकीली नाइट ड्रेस के ऊपर पहना था। उनके इस अंदाज ने उस कोट को 90 और 2000 के शुरुआती दौर में फैशन का सरताज बना दिया था। रॉयल टेनेनबॉम्स (2001) में मार्गोट (हॉलीवुड अभिनेत्री ग्वेनेथ पाल्ट्रो द्वारा अभिनीत) के कैरेमल रंग वाले फर कोट ने फैशन जगत को एक अलग ही अंदाज पेश किया था। हालांकि अब फैशन की दुनिया में फर का चलन कम हो रहा है और नकली फर का चलन जोर पकड़ रहा है। इसीलिए नकली फर या फॉ फर अब सर्दियों का सामना करने का एक लोकप्रिय अंदाज बन गया है।



एक वक्त था, जब नकली फर को बहुत कमतर माना जाता था और उसे फैशन के नाम पर एक बड़ी भूल की तरह लिया जाता था। लेकिन आज इसे असली फर की तरह शानदार और आरामदेह माना जाने लगा है और यह फैशन के सभी बड़ और लग्जरी ब्रांड्स के कलेक्शन का हिस्सा है। असली फर के चलन को छोड़ने के कारण फायदा यह हुआ है कि अब अपने अंदाज में कोई समझौता किए बिना हमें फैशन की ज्यादा नैतिक और लंबे समय तक साथ चलने वाली राह मिली है। बस आपको चाहिए, एक अच्छी गुणवत्ता वाला नकली फर। ऐसा फर, जो छूने में मुलायम और चिकना तो हो, लेकिन उसे छूकर प्लास्टिक का एहसास न हो। टीशर्ट या किसी ड्रेस पर फॉ फर से बनी एक जैकेट आपकी सादगी में चार-चांद लगा देगी।

स्टाइलिस्ट ईशा भंसाली कहती हैं कि 'फॉ फर से बनी जैकेट को कोई देखे बिना रह ही नहीं सकता। आप क्रॉप्ड वाली लीजिए, जिसे आप किसी भी ड्रेस के साथ पहनकर स्टाइलिश दिख सकते हैं। इस अंदाज की जैकेट फैशन के मामले में सबसे सुरक्षित होगी। बस यह ध्यान रखें कि इसके साथ बहुत ज्यादा एक्सेसरीज का उपयोग न करें, क्योंकि यह खुद ही में काफी स्टाइलिश होती है।' इसके साथ ही सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट शालीना नथानी सुझाव देती हैं कि नकली फर की चीजों को भारतीय परिधानों के साथ पहनना चाहिए। वह कहती हैं, इससे आप स्टाइलिश लगते हैं। शादी में अगर आप साड़ी पहन रही हैं, तो इस पर फर का कोई पीस पहनें। इससे आपका स्टाइल बढ़ जाएगा और आपके भारतीय परिधान से यह अलग भी नहीं लगेगा। मुझे लगता है कि इससे एक जुदा-जुदा सा अंदाज आ जाता है। आप इसे पूरा न पहनकर सिर्फ कंधों पर डाले रहें।' अगर आप फर का कोट नहीं लेना चाहतीं, तो एक्सेसरीज इस्तेमाल कर सकती हैं। भंसाली कहती हैं, 'आर्टिफिशियल फर का क्लच इस मामले में सबसे अच्छा होगा। अगर आप शालीन दिखते हुए कोई स्टाइल अपनाना चाहते हैं, तो यह एक बेहतर विकल्प है। लेकिन फर बैग को नजरअंदाज करना सही रहेगा। बीते चार सीजन में नकली फर के लोफर स्लिप-ऑन फुटवियर भी चलन में देखे गए हैं। इन्हें स्किनी जींस के साथ पहनें और अपना पूरा लुक सादा रखें। अगर शाम को बाहर घूमने का इरादा है तो सीक्वेंस ड्रेस के साथ कॉलर या हेमलाइन पर फर वाली लंबी या क्रॉप्ड जैकेट पहने, यह आपको अलग लुक प्रदान करेगी।

# टाइम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

## काकुरो पहेली - 3385




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3384 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह !' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं ?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना !''

''जी ! क्या बात हो गई ?''

''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई !''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3385



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3384



## सूडोकु - 3385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3384 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3385




**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

शब्द पहेली -3384 का हल



# वार्ड-25 की जनता ने धूमधाम से मनाया वरिष्ठ भाजपा नेता रवि भड़ाना का जन्मदिन

## मेरे जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए वार्ड की जनता का धन्यवाद : रवि भड़ाना

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कहते है जनता का आर्शीवाद और प्यार जिस नेता को मिल जाए उस नेता का बेड़ा पार है। ऐसा ही प्यार बरसाया है वार्ड-25 की जनता ने जिन्होनें भारी संख्या में वरिष्ठ भाजपा नेता रवि भड़ाना के ईस्माइलपुर कार्यालय पर पहुंचकर उनके जन्मदिन को यादगार बना दिया। जनता ने रवि भड़ाना के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें केक खिलाकर उनके स्वास्थय और लंबी आयु की ईश्वर से कामना की। जनता का कहना था कि रवि भड़ाना इंसान नहीं देवता है जो हमेशा अपनी जनता की भलाई के लिए सबसे आगे रहते है और वार्ड की जनता को कोई दुख तकलीफ ना हो इसके लिए वह दिन रात पूरी मेहनत से लगे हुए है। इस मौके पर रवि भड़ाना ने कहा कि मेरे



जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए में अपने वार्ड की जनता का दिल की गहराईयों से धन्यवाद और आभार प्रकट करता हुं,और आशा करता हुं की आपका प्यार और आर्शीवाद सदैव मेरे पर इसी तरह बना रहेगा। इस मौके पर जितेंद्र भाटी, नीतू अवाना, प्रदीप भड़ाना, राहुल भड़ाना, लोकेंद्र भड़ाना, मनोज दुबे, निक्की ओझा संदीप सिंह, अरुण गिरी, प्रमोद गुर्जर राजेश शर्मा जसवंत भड़ाना, मुन्ना, ऋषि अवाना, राजू, कंवरपाल भड़ाना, दीपक नागर, मेघश्याम शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनसीबी हरियाणा का नशा मुक्त अभियान

## इग्नोरेंस ऑफ़ लॉ इज़ नॉट एन एक्सक्यूज़ : डॉ अशोक कुमार वर्मा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नशा मुक्त होगा हरियाणा मिलकर सारे जोर लगाना। जी हां, इस नारे को साथ लेकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।

वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजरौंदा में प्राचार्या पूनम तनेजा की अध्यक्षता में एक दिवसीय 117 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 410 छात्र छात्राओं, 15



शिक्षकों और 3 कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंगेजी में एक वाक्य आता है: इग्नोरेंस ऑफ़ लॉ इज़ नॉट एन एक्सक्यूज़ अर्थात विधि का ज्ञान न होने का बहाना नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा- सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में, शिक्षा बिना ही आज हम सब पड़ रहे हैं क्लेश में। शिक्षा बिना कभी कोई बन सकता नहीं सत्पात्र है, शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है। यही कारण है कि विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ नशे के दुष्प्रभाव और नशे के विरुद्ध बने विधि के बारे बताया जा रहा है। डॉ वर्मा ने विस्तारपूर्वक नशे के आगमन, निर्माण, उत्पादन, राष्ट्र पर प्रभाव बारे विस्तार से बताया। उन्होंने 9050891508 पर प्रतिबंधित नशों के व्यापार की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा यह पुरे प्रान्त के लिए है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। कुछ विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न किए जिनके उत्तर देकर शांत किया।

# समाधान शिविर में शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा निपटान : डीसी

## डीसी विक्रम सिंह ने की समाधान शिविर में जन सुनवाई




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** समाधान शिविर प्रदेश सरकार की अच्छी पहल है। इन शिविरों के माध्यम से एक ही छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी बैठकर लोगों की समस्याओं का निवारण करते हैं, इसलिए हर कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालयों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों का आमजन को लाभ उठाना चाहिए। डीसी विक्रम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय सथित बैठक कक्ष में लगाए समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। डीसी ने बताया कि समाधान शिविर में आई शिकायतें फैमिली आईडी में त्रुटि, पेंशन , राजस्व व पुलिस विभाग से संबंधित आ रही है, जिनका मौके पर संबंधित अधिकारी द्वारा समाधान करवाया जा रहा है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर में कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। डीसी ने एक-एक कर फरियादियों को अपने समक्ष बुलाकर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम फरीदाबाद शिखा व एसीपी राजीव सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश व डीसी ने किया नीमका जेल का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग के साथ बुधवार को जिला में सथित नीमका जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट सौरभ गोसाई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम रीतू यादव व डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, सुपरिटेंडेंट जिला अधीक्षक हरेंद्र, डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुमित व नवीन छिल्लर और राजेश बुधवार और चीफ डिफेन्स कौंसिल रविंदर गुप्ता उपसथित रहे। उपसथित रहे। डीसी विक्रम सिंह ने नीमका जेल निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की सथिति और जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

जिला जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों व कैदियों को जेल में दी जा रही स्वास्थ्य व चिकित्सा सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था, खाने की व्यवस्था व लीगल एड सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जेल अधीक्षक से अधिकारियों ने जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने जेल में मौजूद सुरक्षा, स्वच्छता और कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अध्ययन किया। उन्होंने जेल परिसर में चल रही शिक्षण और कौशल विकास गतिविधियों का भी जायजा लिया और इन कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के वार्ड नंबर-40 के सदस्य का चुनाव 19 जनवरी को

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के वार्ड नंबर-40 के सदस्य के लिए चुनाव दिनांक- 19 जनवरी 2025 को होना है। जिसके लिए नामांकन पत्र उम्मीदवार द्वारा व्यक्तिगत रूप से या उसके प्रस्तावक या अधिकृत एजेंट के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी एचएसजीएमसी चुनाव एवं एफएमडीए अतिरिक्त सीईओ गौरी मिड्ढा या सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, धौज प्रतीक को वार्ड नम्बर-40 फरीदाबाद के लिए कमरा नंबर 108, प्रथम तल (उपायुक्त का न्यायालय कक्ष) लघु सचिवालय, सेक्टर-12, फरीदाबाद में दिनांक 20 दिसंबर 2024 से 28 दिसंबर 2024 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक में दिया जा सकता है।

गौरी मिड्ढा ने जानकारी देते हुए कहा है कि प्राधिकरण लिखित रूप में होना चाहिए तथा अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए तथा उसे मजिस्ट्रेट, उप-रजिस्ट्रार, सरपंच, नंबरदार या विधानमंडल या स्थानीय निकाय के सदस्य द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। नाम निर्देशन पत्र के प्रारूप उपरोक्त स्थान और समय पर प्राप्त किये जा सकेगें। नामांकन पत्रों की जांच लघु सचिवालय, सेक्टर-12, फरीदाबाद के कमरा नम्बर 108, प्रथम तल (उपायुक्त का न्यायालय कक्ष) 30 दिसंबर 2024 (सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे की जाएगी।

रिटर्निंग अधिकारी के आदेश में पुनरीक्षण के लिए उपायुक्त को आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 (मंगलवार) है। पुनरीक्षण आवेदन पर दिनांक 01 जनवरी 2025 (बुधवार) को उपायुक्त द्वारा निर्णय लिया जायेगा। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना लिखित रूप में होनी चाहिए। इसे उम्मीदवार द्वारा नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि (02 जनवरी 2025) को दोपहर 03:00 बजे से पहले व्यक्तिगत रूप से रिटर्निंग अधिकारी को दिया जाएगा या इसे चुनाव एजेंट द्वारा दिया जाएगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा लिखित रूप में इस संबंध में अधिकृत किया गया है। चुनाव चिह्न का आवंटन 02 जनवरी 2025 (गुरुवार) को दोपहर 03:00 बजे के बाद किया जाएगा। चुनाव लड़े जाने की सथिति में मतदान 19 जनवरी 2025 (रविवार) को होगा, मतदान का समय प्रातः 08:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक रहेगा। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद मतों की गणना की जाएगी।

# टैलेंट सर्च - टैलेंट सर्च में सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्रथम

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च में सराय ख्वाजा फरीदाबाद के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को ग्रुप डांस में पुरस्कार प्राप्त हुए।

सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय की वरिष्ठ वर्ग की सामूहिक नृत्य की टीम को जिला फरीदाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

विद्यार्थियों की सामूहिक नृत्य की प्रतियोगिता में सराहनीय उपलबधि विद्यालय के अध्यापकों विशेष कर ज्योति एवं मिकी का अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग से संभव हो पाई है।



छात्रा नेहा, चांदनी, वंदना, रखी, भूमि, करिश्मा, नीतू और विनीता को सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशसति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शिक्षा विभाग द्वारा कैश पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। प्राचार्य मनचंदा, प्राध्यापक संदीप, रविंद्र, कुलदीप, पवन, दिलबाग, धर्मपाल, अजय गर्ग, जसबीर, सुदेश, सहित सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों को प्रथम आने पर बधाई दीं और निरंतर अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया।

# आपदा के समय बचाव तैयारियों को परखना है मॉक ड्रिल का उद्देश्य : डॉ. चिनार चहल

## खानपुर घाटी के वीटा चिलिंग प्लांट में आयोजित की गई अमोनिया गैस रिसाव की मॉक ड्रिल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बुधवार को खानपुर घाटी के वीटा चिलिंग प्लांट में डिजास्टर मैनेजमेंट हेतु मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। चिलिंग प्लांट में अमोनिया गैस के रिसाव की सथिति उत्पन्न की गई इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बचाया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने अमोनिया गैस रिसाव जैसी आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को बचाने एवं राहत कार्यों का पूर्वाभ्यास किया। सूचना मिलते ही उपमण्डलाधिकारी (ना.) डॉ. चिनार चहल के नेतृत्व में बचाव दल के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। डॉ. चिनार चहल ने कहा कि इस मैगा मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी प्राकृतिक अथवा अन्य आपदा की सथिति में कम से कम समय में मौके पर पहुंचकर बचाव कार्यों की



तैयारियां परखना है। उन्होंने कहा कि प्रथम रिस्पोंडर से लेकर विभिन्न विभागों में आपसी समन्वय, आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती, फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालना, घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य शिविर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और बचाव दलों को आवश्यक उपकरण एवं मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अभ्यास इस दौरान किया गया। राहत दलों द्वारा प्रभावितों के खान-पान की उचित व्यवस्था की भी परख की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि मॉक एक्सरसाइज के समय एनडीआरएफ टीम के अधिकारियों के अलावा उनके साथ जिला के सभी आपदा प्रबंधन के प्रशासनिक अधिकारी कार्यरत थे।

# नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित अधिसूचना: डीसी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 07 दिसंबर 2024 में वर्णित हिदायतों व निर्देशों के अनुसार नगर निगम, फरीदाबाद की वार्ड वाईज ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जा चुकी है। वे सभी नागरिक, जिनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में नहीं है. किसी के नाम में गलती है, किसी दूसरे वार्ड / मतदान केंद्र से अपना नाम बदलवाना चाहते हैं अथवा किसी अपात्र मतदाता (मृतक / स्थान छोडकर चले गये अथवा डबल दर्ज है) का नाम सूची में दर्ज इत्यादि है तो संबंधित पुनरीक्षण अधिकारों के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपततियां 23 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकते है, जिनका निपटारा संबंधित पुनरीक्षण अधिकारीयो द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। तत्पश्चात उपायुक्त फरीदाबाद के समक्ष अपील दिनांक 31 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका निपटारा उपायुक्त फरीदाबाद द्वारा दिनांक 03 जनवरी 2025 को किये जाने के उपरांत नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूचियों का वार्ड वाईज अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को कर दिया जायेगा।

**ड्राफ्ट मतदाता सूचियां निम्नलिखित स्थानों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं:**

सभी पुनरीक्षण अधिकारियों के कार्यालय, कार्यालय सचिव नगर निगम एन.आई.टी फरीदाबाद, पुनरीक्षण अधिकारियों के द्वारा स्थापित Voter Information and Collection Centres (VICC), कमरा नं-214 कार्यालय उपायुक्त, फरीदाबाद तथा जिला प्रशासन फरीदाबाद की व ` ब स ा इ ट (faridabad.nic.in)

**पुनरीक्षण अधिकारियों का विवरण इस प्रकार है:**

वार्ड नंबर एक, दो तीन के लिए नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल (8901453584), वार्ड नंबर वार्ड नंबर चार और पांच के लिए उप जिला परिषद परमिंद्र सिंह

**23 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकते है दावे-आपत्तियां**

(9582740761), वार्ड नंबर छह, सात और आठ के लिए एमसीएफ संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार (9871561943), वार्ड नंबर नौ और दस के लिए एसटीपी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग देवेंद्र (9416777250), वार्ड नंबर ग्यारह, बारह और तेरह के लिए उपमंडल अधिकारी बड़खल अमित मान (9990814848), वार्ड नंबर पंद्रह, सोलह और सत्रह के लिए डीडीपीओ प्रदीप कुमार (9991188187), वार्ड नंबर अट्ठारह, उन्नीस और बीस के लिए डीआरओ सुशील शर्मा (9306667174), वार्ड नंबर बाईस, तेईस और चौबीस के लिए नगर निगम संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार (8410000022), वार्ड नंबर पच्चीस, छब्बीस और सताइस के लिए उपमंडल अधिकारी शिखा (8168895552), वार्ड नंबर अठाइस, उनत्तीस और तीस के लिए एचएसवीपी संपदा अधिकारी सिद्धार्थ दहिया (7056756625), वार्ड नंबर चौदह, इकतीस और बत्तीस के लिए आरटीए सचिव मुनीश सहगल (7087299606) को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर इक्कीस, तेंतीस और चौंतीस के लिए डीटीपी प्लानिंग अमित मधोलिया (9996693467), वार्ड नंबर पेंतीस, छत्तीस और सेंतीस के लिए उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज (8587035383), वार्ड नंबर अड़तीस, उन्तालीस और चालीस के लिए एमसीएफ संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह (9466439838), वार्ड नंबर इकतालीस, ब्यालिस और तेरयालीस के लिए संयुक्त आयुक्त एमसीएफ सुश्री द्विजा (7056239693), वार्ड नंबर चवालीस, पेंतालिस और छयालीस के लिए डीटीपी इंफोर्स्मेंट राजेंद्र शर्मा (9717198888) को नियुक्त किया गया है।

## संपादकीय

# विपक्षी गठबंधन में भरोसा कैसे कायम रहे..?

कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है।

वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरी

बार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम में दोष नहीं है, उसकी नीतियों में ही कमी है, जिसकी वजह से वोटर उसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है।

ऑफ द रिकॉर्ड अगर कांग्रेसी नेताओं से बात होती है तो वे मानते हैं कि किसान कानून और ईवीएम का विरोध दरअसल उसके लिए बचाव के मुद्दे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों के जरिए अपनी नाकामियां छिपाती रहती है। उदाहरण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ कपिल सिब्बल की अगुआई में महाभियोग चलाना कुछ-कुछ वैसा ही मामला होने जा रहा है, जैसा 1986 में शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से नया कानून बना दिया गया था। बहुसंख्यक सोच जबकि इसके खिलाफ थी, कुछ इसी तरह शेखर यादव के बयान को

लेकर महाभियोग चलाने के फैसले से बहुसंख्यक वोट बैंक सहमत नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को लेकर बहुसंख्यक समाज में विरोध के सुर भले ही खुले तौर पर ना उठें, लेकिन चुनावी मैदान में इसे लेकर बहुसंख्यक वोट बैंक अपना गुस्सा निकाल सकता है। फिर भी कांग्रेस अपनी हार के लिए अपने रूख को लेकर सवाल नहीं उठाएगी, अपने भीतर झांकने की कोशिश नहीं करेगी,बल्कि वह ईवीएम को ही बहाना बनाएगी। बहरहाल उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद कांग्रेस को सबक सीखना होगा। उसे स्वीकार करना होगा कि उसकी बेतुकी बयानबाजी पर सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, उसके साथियों को भी एतराज है। उसे यह भी स्वीकार करना होगा कि अगर उसने नीतियां नहीं बदलीं तो उसके नेतृत्व को लेकर विपक्षी गठबंधन में भरोसा कायम नहीं रह पाएगा। जिसका असर आने वाले दिनों में होने जा रहे दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों में दिख सकता है।

# 11वीं कक्षा के छात्र से मारपीट कर घयल करने के आरोप में तीन नामजद

### गांव बागोत में घटित हुई घटना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बागोत में 11वीं कक्षा से छात्र से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने 3 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में छात्र रोशन ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बागोत के सरकारी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है। बीती 29 नवंबर को छुट्टी के बाद जब वह अपने सहपाठियों के साथ घर लौट रहा था तो मार्ग में एक काले रंग की कार जो अड्डे से गांव की ओर जाती मिली। जिसका साइड वाला शीशा उसके बाएं हाथ से लगा। जिसे लेकर कार सवार सोमबीर व छात्र में आपसी कहासुनी हो गई। उसके बाद सोमबीर गाडी वापिस लेकर आया तथा दो अन्य व्यक्ति प्रदीप व मोनु सांगवान स्कूटी पर आए। तीनों ने उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल छात्र को परिजनों ने सीएचसी सेहलंग में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। पुलिस ने तीनों व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# बगोत के युवक का पांचवे दिन भी नहीं हुआ अंतिम संस्कार

**परिजन अस्पताल में आकर शव को देखकर चले जाते हैं**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**


**कनीना।** उपमंडल के गांव बागोत के 26 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के पांच दिन भी अंतिम संस्कार नहीं हो सका। परिजन 8 प्रतिष्ठित व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अक्रोस जता रहे हैं। जबकि पुलिस साक्ष्य मांग रही है। बीते शुक्रवार रात्री के समय दो भाई मोहित व पुलकित गांव में ही एक जन्मदिन पार्टी में गए थे। वहां से लौटकर मोहित ने फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ओर पंचनामा करवाने के लिए उप नागरिक अस्पताल के मोर्चरी में भिजवा दिया। अगले दिन शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। मृतक के पिता कैलाश शर्मा आठ व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कार्रवाई न होने तक 'डैड बॉडी' रिसीव नहीं कर रहे हैं। परिजन अस्पताल में आकर शव को देखकर वापिस चले जाते हैं। पुलिस परिजनों से साक्ष्य मांग रही है। मृतक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट व सीडीआर आदि नहीं मिला था लिहाजा पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। युवक का शव पिछले पांच दिन से अस्ताल के फ्रीजर में रखा हुआ है जिसे परिजन नहीं ले जा रहे हैं। अस्पताल मे पुलिस सुरक्षा लगी हुई है। पुलिस तथा जिला प्रशासन परिजनों द्वारा शव रिसीव करने के इंतजार में है।

# स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा के एसीएस से नूंह आकर निरीक्षण करने की मांग

### विधायक आफताब अहमद ने चण्डीगढ़ में की बैठक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले की चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के लिए नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को चंडीगढ़ में अतरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग सुधीर राजपाल आईएएस से बैठक की। बैठक में विधायक और अतरिक्त मुख्य सचिव के बीच जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। विधायक आफताब अहमद ने एक लिखित पत्र सौंपकर कई मांगें उठाई जिनमें नूंह जिले की कई सुविधाओं के साथ शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज में सुधार की मांग प्रमुख है। विधायक आफताब अहमद ने सुधीर राजपाल आईएएस जो स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा के एसीएस हैं उन्हें खुद अपनी मेडिकल टीम के साथ कॉलेज का निरीक्षण करने के लिए विधायक आफताब अहमद ने कहा है। विधायक आफताब अहमद ने जो मांगे प्रमुखता से उठाई उनमें शहीद हसन खान



AFTAB AHMED
आफ़ताब अहमद

M.L.A. NUH, HARYANA
Ex Deputy Leader
Congress Legislature Party
विधायक, नूँह हरियाणा
पूर्व उपनेता, कांग्रेस विधायक दल

17 Dec 2024

Subject: - Redressal of grievances concerning various issues of Shahid Hasan Khan Mewati Government Medical College, Nuh.

My Dear Sudhir Ji,

As you aware, Shahid Hasan Khan Mewati Government Medical College, Nuh is facing various issues regarding shortage of Doctors, medical staff/office staff, medical equipment's, Medicines & Drugs and Ambulance etc. for many years. This college was established in August, 2012 to meet with the necessity of medical requirements of Local residents of Mewat region as well as South Haryana.

The above issues have been raised by me in the House during Haryana Vidhan Sabha Sessions from time to time and the then Hon'ble Chief Minister, Haryana assured in the House for resolving of the same, but till date situation is the same it was.

Being the representative of Nuh Constituency, local residents have many times approached me for redressal of their grievances concerning Shahid Hasan Khan Mewati Government Medical College, Nuh and I have also visited many times and seen the problems and hardships being faced by the patients and poor people.

Therefore, I would request to kindly visit the said Medical College along with a team of Medical Department Experts to know the exact position so that necessary infrastructures/facilities may be provided to the Government Medical College to resolve the issues as mentioned above.

I am hopeful that you will spare time out of valuable time. As and when, a programme in this regard is scheduled kindly intimate me so that I would also be available in person at that time.

(AFTAB AHMED)

Shri Sudhir Rajpal, IAS
Additional Chief Secretary to Government Haryana,
Health Department.

Office & Residence : 1, Rest House Road, NUH, HARYANA -122107
Phone : +91 1267 271270 | Mobile : +91 9891353668, 9416266786 | E-mail : aftab.814@gmail.com

मेडिकल कॉलेज सहित अन्य अस्पतालों में डाक्टरों, पैरा मेडिकल स्टाफ़ की नियुक्ति करने, चिकित्सा यंत्र, दवाइयां, एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने, मरीजों, गरीब परिजनों की समस्याओं का प्रथमिकता पर निदान करने के लिए कहा है। बता दें विधायक आफताब अहमद ने बीते विधानसभा सत्र में सदन में इन मुद्दों को उठाया था जिसमें मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि इनका निदान किया जायगा। इसे सिलसिले में विधायक आफताब अहमद चंडीगढ़ में विभाग के आला अधिकारियों से मिले हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि लोगों को सही इलाज मिले ये लोगों का हक है और उन्हें वो सुविधाएं प्रदान की जाए ये उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहाँ कि बीजेपी सरकार जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नज़रंदाज कर रही है जो बेहद ग़लत है। विधायक ने कहा कि वो लगातार संघर्ष करेंगे जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है।

# पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही नूंह जिले की पुलिस

**एक बार फिर काबिल अफसर मंजू को बनाया महिला थाना नूह की इंचार्ज**

**पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप के कार्यकाल में घटा जिले का क्राइम रेट**

**एस.पी. विजय प्रताप के कार्यकाल में नुह में महिलाएं सुरक्षित**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूहं में महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने व बढ़ती शिकायतों के जल्द निपटान तथा मेवात की भोली भाली जनता को गुमराह करने से बचाने के लिए नूह पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप ने बेहतर प्रयास करते हुए महिला थाना नूह में काबिल अफसर SI मंजू को SHO नियुक्त किया है।

आपको बता दें कि नूह पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने अपने कार्यकाल में मंजू पर भरोसा कर महिला थाना नूह की SHO नियुक्त किया था उसे दौरान मंजू SI ने महिला थाने में अच्छे कार्य किया और थाने से दलालों की छुट्टी कर दी थी और महिलाओं से संबंधित शिकायतों का जल्दी निपटान किया गया आपसी और घरेलू झगड़ों को फैसला कराए गए और उनके कार्यकाल में महिला थाने में कम से कम मुकदमे दर्ज हुए। जहां एक तरफ महिला थाना उसे वक्त दलालों का अड्डा बन चुका था वही मंजू ने SHO रहते हुए थाने से सभी दलालों का आना-जाना और थाने में दलाली करना बंद कर दी थी, ज्यादातर महिलाओं के मामलों को आपसी बातचीत कर सुलझाया और आपसी घरों के झगड़ों को फैसला कराकर टूटने से बचाया, पति-पत्नी के झगड़ों को बातचीत के जरिये सुलझाकर दोनों पक्षों को राजी कर घरों को बसाया गया ।

इसी काबिलियत को देखते हुए नूह पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजरानिया ने भी अपने कार्यकाल के दौरान मंजू को SHO बरकरार रखा था और मंजू की इसी काबिलियत को देखते हुए वर्तमान पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप ने भी SI मंजू पर भरोसा जताकर उसे महिला थाने की इंचार्ज नियुक्त किया है, इससे मेवात की जनता और नूह शहर के लोगों को फिर से इंसाफ के प्रति विश्वास कायम हुआ है पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप ने अपनी सूझबूझ से एक काबिल अफसर को महिला थाने की SHO नियुक्त किया है जिससे महिलाओं की शिकायतों को जल्द समाधान किया जा सके, फिर एक बार पुलिस प्रशासन की तरफ से आपसी घरेलू झगड़ों को बातचीत कर फैसला करवरकर घर बसाने का कार्य किया जा रहा है जो कि काबिले तारीफ है, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप धन्यवाद के पात्र हैं जो काबिलियत के आधार पर अफसर की नियुक्त किए हैं और महिला थाने को भ्रष्टाचार मुक्त किया है एस.पी. विजय प्रताप के रहते हुए जिले में क्राइम रेट घटा है और महिलाओं के साथ छेड़खानी तथा आए दिन होने वाली चेन स्नेचिंग, बाइक चोरी और मोबाइल स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर अंकुश लगा है।

# अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं नागरिकों की समस्याएं : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के यथाशीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर ऐसी शिकायतों का निपटारा किया जाए ताकि लोगों को मौके पर राहत मिल सके। उपायुक्त बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय सथित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में आयोजित समाधान शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की



शिकायतें सुन रहे थे। समाधान शिविर में बुधवार को कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुई, शिकायतों के निपटारे की कार्रवाई मौके पर उपसथित अधिकारियों ने शुरू की। उपायुक्त ने कहा कि एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौके पर उपसथित रहे ताकि शिकायतों का जल्द निपटारा किया जा सके। समाधान शिविर में राजस्व, समाज कल्याण, परिवार पहचान पत्र, जनस्वास्थ्य विभाग, पुलिस इत्यादि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। प्रति कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक हर नागरिक की हर शिकायत के निदान के उद्देश्य से ही समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# एसडीएम प्रदीप अहलावत ने लिया आलदोका व हसनपुर गांव में बरसाती पानी की निकासी कहा जायजा

**जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पानी की निकासी के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आलदोका व हसनपुर सोहना गांव में बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था का एसडीएम प्रदीप अहलावत ने निरीक्षण किया। एसडीएम ने अधिकारियों को दोनों गांवों की पानी निकासी के लिए हर संभव कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने पानी निकासी को आपात सथिति के



लिए रखे गए पंपों, जनरेटर सेटों व पानी निकासी में काम आने वाली बिजली की मोटरों का जायजा लिया। एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पानी निकासी के लिए मोटरों की सथिति के बारे में जाना और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने बरसात के करण गांव में हुए जलभराव को लेकर अधिकारियों को पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को साफ-सफाई के उचित प्रबंध किए जाने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने बारिश के दौरान पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने को लेकर अधिकारियों को हिदायत दी ताकि लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े।

# बिजली कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर मारपीट के आरोपियों को काबू करने की मांग की



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बिजली निगम कर्मचारियों की एक घंटे की गेट मिटिंग बुधवार को एसडीओ कार्यालय परिसर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान हवासिंह ने की। बैठक में महावीर पहलवान व मनोज कुमार जेई भी शामिल थे। जिन्होंने बीती 16 दिसंबर को गांव मोडी में बिजली चोरी पकडने गई बिजली निगम की टीम पर हमला कर घायल करने वाले ग्रामीणों को गिरफ्तार करने की मांग की है। बिजली कर्मियों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। गिरफ्तार न होने पर उन्होंने धरने की चेतावनी दी है। बैठक में अजीत सिंह, देवांनद, संजय कुमार, विकास जांगिड, विकास कुमार, राजबीर, मोहन सिंह, दलीप सिंह, राहुल, सिकंदर, संदीप, सुरेश उपसथित थे। निगम के एसडीओ उमेश वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने सुनील, हरीश, ब्रहृमप्रकाश, परमवीर, लालाराम,नरेश सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इन आरोपियों ने बिजली निगम कर्मचारियों की 7 सद्सीय टीम के साथ मारपीट की थी। जिसमें विजय कुमार जेई-1, आनंद कुमार जेई, राकेश कुमार व संदीप कुमार एएफएम, संदीप कुमार एलएम, धर्मबीर एएलएम तथा गाडी चालक बिरेंद्र शामिल था। टोलवा की ढाणी मोडी में उन पर हमला बोला गया।

# झींगा पालन में लगी आग, लाखों का सामान राख



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** खंड के गांव बड़वा में चल रहे एक झींगा पालन में लगी आग के चलते लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया यह झींगा पालन 5 एकड़ में बना हुआ था जिसमें अचानक आग लग गई जिस कारण लाखों रुपए का सामान राख हो गया। इस बारे में जानकारी देते हुए झींगा पालन के मालिक सुभाष चंद्र ने बताया कि गांव बड़वा में उनकी पत्नी सीमा के नाम 5 एकड़ में झींगा पालन बना हुआ है जो की अब मौसम के चलते बंद किया हुआ था लेकिन मंगलवार शाम को झींगा पालन में आग लगने की सूचना उनके पड़ोसी सुभाष तंवर ने दी। उन्होंने बताया कि सुभाष ने उनको फोन करके बताया कि उनके झींगा पालन में आग लगी हुई है जिसके बाद में मौके पर पहुंचा और देखा तो झींगा पालन में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि इस आगजनि की घटना में ट्यूबल के पाइप ,एक ट्यूबवेल पूरी तरह जल गया, वहीं काफी मात्रा में बिजली के तार , बांस के डंडे तथा तिरपाल भी जल गए। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है की किस कारण से यह आग लगी है। उन्होंने बताया कि आगजनी मामले की जानकारी पुलिस थाना में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 25 दिसंबर को

**युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम करेंगे परिवादों की सुनवाई**



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**सोनीपत।** जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल सथित कांफ्रेंस हाल में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता युवा अधिकारिता, उद्यमिता राज्यमंत्री एवं अध्यक्ष जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति गौरव गौतम करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 22 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे, जिनकी सुनवाई युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम करेंगे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# वन नेशन-वन इलेक्शन- जेपीसी में कांग्रेस और अन्य दलों के नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया है। अब जेपीसी का गठन लोकसभा स्पीकर को करना है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने समिति के लिए अपने-अपने सदस्यों के नाम फाइनल कर दिए हैं।

कांग्रेस ने जेपीसी में शामिल करने के लिए जिन नेताओं के नामों को फाइनल किया है, उनमें प्रियंका गांधी का नाम भी शामिल है। सूत्रों की मानें तों कांग्रेस ने जेपीसी के लिए चार नाम सुनिश्चित किए हैं, जिनमें मनीष तिवारी जो कि अनुभवी वकील और वरिष्ठ नेता हैं। दूसरा नाम प्रियंका गांधी का है जो पार्टी की महिला नेतृत्व का चेहरा हैं। तीसरे हैं सुखदेव भगत जो आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता हैं और चौथे रणदीप सुरजेवाला का नाम हैं जो पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार और वकील हैं।



ये चारों नेता वन नेशन-वन इलेक्शन पर कांग्रेस का पक्ष जेपीसी के मंच पर रखेंगे।

यदि अन्य दलों के संभावित सदस्यों की बात करें तो सूत्र बता रहे हैं कि डीएमके से पी. विल्सन (मशहूर वकील), टी. सेल्वागेथी हो सकते हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से धर्मेंद्र यादव का नाम हो सकता है, जिन्होंने इससे पहले भी सपा का पक्ष रखा है। तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी, साकेत गोखले हो सकते हैं।

### जेपीसी का गठन और कार्यप्रणाली

जेपीसी में राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य शामिल होंगे। आमतौर पर लोकसभा के सदस्य राज्यसभा के मुकाबले दोगुने होते हैं। यह समिति प्रस्तावित बिल या मुद्दे की गहन समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करती है। जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार संशोधित बिल को संसद में पेश करती है।

### वन नेशन-वन इलेक्शन की संवैधानिक चुनौती

यह प्रस्ताव एक संवैधानिक संशोधन की मांग करता है, जिसके लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होगी। जेपीसी का गठन इस दिशा में आम सहमति बनाने और विपक्ष के विचारों को शामिल करने की कोशिश के तहत किया गया है।

### आगे का रास्ता

जेपीसी की रिपोर्ट और चर्चा के बाद ही वन नेशन-वन इलेक्शन बिल को संसद में पेश किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि विभिन्न राजनीतिक दल इस मुद्दे पर अपनी क्या राय रखते हैं और क्या सरकार विपक्ष के साथ सहमति बना पाती है।

## राष्ट्रद्रोह मामले में कंगना रनौत आगरा कोर्ट में फिर नहीं हुईं हाजिर, अब जनवरी की दी गई तारीख

आगरा । राष्ट्रदोह के वाद में सांसद कंगना रनौत अदालत में न तो खुद आईं और न ही उनकी ओर से कोई हाजिर हुआ। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख नियत कर दी है। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का वाद दायर किया था। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए ने अधिवक्ताओं के बयान दर्ज होने के बाद विपक्षी को हाजिर होने का नोटिस भेजा था। बताई गई ट्रैक रिपोर्ट के अनुसार नोटिस उनके दोनों पतों पर डिलीवर हुए थे। कंगना रनौत पर 26 अगस्त को टीवी चौनलों पर दिए साक्षात्कार में किसानों पर अभद्र टिप्पणी करने और इसके पहले 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाने का आरोप है।

## आरजेडी के वरिष्ठ नेता का विवादित बयान, अमित शाह को पागल मंत्री बता

पटना । आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवचंद्र राम ने केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर विवादित बयान दिया है। पटना में आरजेडी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने अमित शाह को पागल मंत्री बताया है। दरअसल राज्यसभा में गृह मंत्री ने कहा था कि अंबेडकर-अंबेडकर करना फैशन हो गया है। इतना नाम अगर भगवान का लेते, तब सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता। इस बयान पर बिहार में सियासत गर्म हो चुकी है। पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से देश की 90 प्रतिशत आबादी दुखी है। उनके बयान का राष्ट्रीय जनता दल घोर निंदा करती है। यह देश के गृह मंत्री नहीं, देश के पागल मंत्री हैं। जब बाबा साहेब का अपमान हो रहा था, तब सदन में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी हंस रहे थे। यह दो नेता सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं। इन्हें दलित और महादलित से कोई मतलब नहीं है। राजद नेता शिवचंद्र राम ने कहा कि शाह के बयान से पिछड़ा और अति पिछड़ा के मन में बड़ी चोट पहुंची है। बीजेपी वाले संविधान के खिलाफ हैं। संविधान पर चोट पहुंचाते हैं।

## मुंबई से एलीफेंटा जा रही नाव पलटी, 30 लोग डूबे, एक की मौत

मुंबई। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही एक नाव समुद्र में पलट गई जिससे एक यात्री की डूबने से मौत होने की खबर है। ये नाव एलीफेंटा जा रही थी और नाव पर 30-35 यात्री सवार थे। इस बीच यात्रियों का बचाव अभियान जारी है। दुर्घटनाग्रस्त नाव का नाम नीलकमल है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि हादसा दो नावों के आपस में टकराने के कारण हुआ। नौसेना की 11 नावें, 3 समुद्री पुलिस नावें और एक तटरक्षक नौका मौके पर पहुंच गई है। नावों के साथ चार हेलीकॉप्टरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने समुद्र किनारे के नागरिकों की मदद ली है। कोस्ट गार्ड से मिली जानकारी के मुताबिक 21 यात्रियों को बचा लिया गया है। इनमें से 1 यात्री को मृत घोषित कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, नौका नीलकमल उरण के करंजा के पास पलट गई। प्रारंभिक जानकारी है कि इसमें 30 से 35 यात्री सवार हैं। नौसेना, तटरक्षक बल, येलोगेट पुलिस स्टेशन और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से बचाव अभियान चल रहा है।

## बिहार के 17 जिलों में शीतलहर और कोहरा का अलर्ट, टोल फ्री नंबर जारी

पटना। बिहार में शीतलहर जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में 17 जिलों में शीतलहर और कोहरा का अलर्ट जारी किया है। उत्तर पश्चिम भारत में भीषण शीतलहर का असर बिहार में देखने को मिलेगा। भीषण ठंड को देखते हुए आपदा विभाग ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक गुरुवार को पटना, शेखपुरा, नालंदा, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सारण, सिवान, बक्सर, वैशाली, दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर, मधेपुरा, जमुई, भागलपुर और कटिहार के ज्यादतर हिस्सों में देर रात और सुबह में घना कोहरा छाया रहेगा। शीतलहर को देखते हुए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पर संपर्क करें। हेल्पलाइन नंबर -0612-2294204/205 टोल फ्री नंबर-1070 पर किसी भी तरह की आपात स्थिति की जानकारी दे सकते हैं। बता दें कि पिछले 24 घंटे में रोहतास का डेहरी सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा वाल्मीकि नगर 11.9, गोपालगंज 10, सीतामढ़ी के पुपरी 9.3, मधुबनी 10.2, सुपौल 12.8, मुजफ्फरपुर 9.6, मधेपुरा 9.3, इन सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में 0.1 से 0.6 डिग्री की गिरावट आई।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, कटरा किया बंद

कटरा। वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद किया। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। परियोजना को लेकर लोग सड़क पर उतर आए और इसका विरोध किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी, ऑटो चालकों समेत सभी दुकानदार एकत्रित हुए। इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस और पीडीपी ने भी समर्थन दिया है। श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें इसे अपनी आजीविका पर कुठाराघात बताया है। परियोजना का विरोध कर रहे लोगों का दावा है कि रोपवे कटरा के बाजार को बायपास कर देगा, जिससे तीर्थयात्रियों के आवागमन पर निर्भर हजारों दुकानदारों पर असर पड़ेगा।

## पंजाब के इस्लामाबाद में जोरदार धमाका ! बाल-बाल बची लोगों की जान

**- खालिस्तानी आतंकी हैप्पी के करीबी गैंगस्टर ने ली हमले की जिम्मेदारी!**

अमृतसर । अमृतसर के थाना इस्लामाबाद में रात 3-15 पर एक जबरदस्त ब्लास्ट होने के बाद पुलिस ने तत्काल थाने के गेट बंद कर लिए। ब्लास्ट में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन मौके पर तनाव महसूस किया जा रहा है। खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पसिया के करीबी गैंगस्टर जीवन फौजी ने सोशल मीडिया पर अपनी जिम्मेदारी ली है और इस घटना के पीछे अपना नाम जोड़ रखा है। जीवन फौजी ने दावा किया है कि वह पंजाब पुलिस के अनुवाद के खिलाफ बदला चाहते हैं। पुलिस कमिश्नर ने एक वीडियो में बताया कि उन्होंने आवाज सुनी थी और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने भी चेतावनी जारी की है कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमलों की संभावना है। इस घटना के पीछे का सच सामने आने के लिए आगे की जांच जारी है। लोगों में घबराहट और खौफ बन रहा है जबकि सुरक्षा बारें में ज्यादा जानकारी की मांग की जा रही है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी एनआईए ए पहले ही पंजाब पुलिस को अलर्ट कर चुकी है जिसमें एनआईए द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में साफ किया गया है कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमले की साजिश हो रही है और पुलिस को तर्क रहने की जरूरत है रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खालिस्तानी आतंकी 1984 में इस्तेमाल किए गए डैड ड्रॉप मॉडल की तर्ज पर हमला करेंगे जिसे लेकर केंद्र की सुरक्षा जनसंख्या पूरी तरह से हाई अलर्ट पर है और पंजाब पुलिस को भी अलर्ट रहने की चेतावनी दी गई थी।

## अमित शाह के बयान पर विवाद के बाद बोलीं मायावती-दलितों के लिए बस एक ही भगवान आंबेडकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ (ईएमएस)। गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में भीम राव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर अब राजनीति गर्मा गयी है। अब इस विवाद पर बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व सीएम मायावती ने इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस पर हमला बोला है। पूर्व सीएम मायावती ने एक्स पर लिखा-'कांग्रेस व बीजेपी एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर हैं, जिनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था।'

बसपा सुप्रीमो ने आगे लिखा-'अतः कांग्रेस, बीजेपी आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा. इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव. इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम. बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बीएसपी सरकार में ही मिल पाया।' गौरतलब है कि राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर..अंबेडकरकृअंबेडकर कहना। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिलता। अमित शाह के इस बयान पर विपक्ष बीजेपी पर निशाना साध रहा है और अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग कर रहा है।

# पांच गांवों में बाघों की दहशत, लोगों की नींद हुई हराम... वन विभाग दिन-रात जांच में जुटा

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के करीब घूम रहा बाघ बुधवार सुबह कटौली, जमालनगर, बनिया खेड़ा, लीला खेड़ा और लक्ष्मण खेड़ा गांवों में दिखाई दिया। इससे इन गांवों में दहशत का माहौल है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पगमार्क का निरीक्षण कर थर्मल ड्रोन कैमरे से काफी देर निगरानी की, लेकिन बाघ दिखाई नहीं दिया। इसके पहले एक बाग में नीलगाय के बच्चे का शिकार भी किया था। फिलहाल अफसरों का अनुमान है कि बाघ सीतापुर से जंगल के रास्ते लखनऊ में दाखिल हुआ है।

वन विभाग की टीम दोपहर में जमालनगर भी पहुंची और लोगों को जागरूक किया। जमालनगर गांव निवासी ने बताया कि सुबह करीब 7-30 बजे खेतों की तरफ बाघ आया नजर आया। वहीं डीएफओ सितांशु पांडे ने बताया कि काकोरी के गुरदीनखेड़ा, गोहरामऊ और करझन में बाघ के पगमार्क मिले थे। इस तरह केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के 10 किमी के दायरे वाले गांवों में ही बाघ के पगमार्क मिले हैं। उस रेस्क्यू करने के लिए 12 ट्रैप कैमरे और दो पिंजरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पगमार्क 13×14 सेमी के हैं। इससे माना जा रहा है कि बाघ वयस्क है। उसकी उम्र तीन साल से अधिक है।

डीएफओ पांडेय ने बताया कि अभी बाघ को ट्रैप करने की कोशिशें जारी हैं। विभाग की टीमें दिन-रात निगरानी कर रही हैं। फिलहाल बाघ को पिंजरे में ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है। ट्रैंकुलाइजर को आखिरी विकल्प के तौर पर रखा गया है। लखनऊ जू के पूर्व निदेशक आरके सिंह ने बताया कि आमतौर वयस्क होने के बाद बाघ को कुनबे से अलग किया जाता है। इसके बाद वे अपना नया इलाका बनाने के लिए निकलते हैं, लेकिन रास्ते की समझ न होने के कारण कई बार भटक जाते हैं। अमूमन सीतापुर, पीलीभीत और लखीमपुर से बाघ लखनऊ आते हैं। बाघ के लिए गोमती किनारे-किनारे लखनऊ आना भी आसान होता है। बाकी जिलों में रेस्क्यू किए गए बाघ आमतौर पर पीलीभीत के जंगल से भटके थे। बाघ का मूवमेंट रात में होता है। ये दिन में छिपकर रहते हैं और आसपास के इलाके में एडजस्ट कर लेते हैं। थोड़ा सा भी खतरा महसूस होने पर घंटों बिना आवाज किए छिपे रहते हैं। इनके पंजे गद्दीदार होते हैं। ऐसे में चलने पर आवाज भी नहीं होती। वहीं रहमानखेड़ा में दिखे बाघ ने अभी तक किसी मवेशी का शिकार नहीं किया है। वह जंगली जानवर का ही शिकार कर रहा है। नीलगाय मारकर खाने के बाद वह कई दिन आराम से छिपकर रह सकता है। इस कारण भी वह ट्रेस नहीं हो पा रहा। इंसानी बस्ती में बाघ के आदमखोर होने की आशंका ज्यादा रहती है, लेकिन हर बाघ के आदमखोर होने की बात सही नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जिस बाघ में ज्यादा उम्र के कारण शिकार करने की ताकत नहीं होती या जो शारीरिक रूप से कमजोर या बीमार हो, वे आदमखोर बनते हैं।


## बच्चों का रंग रूप बदलकर निःसंतान दंपत्ति को बेचने वाला गिरोह धराया

*** देश भर में मानव तस्करी से जुड़ा है ये गिरोह**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो छोटे बच्चों को चुराकर और कृत्रिम रूप से उनका रंग-रूप बदलकर उन्हें जरूरतमन्दों को बेच देता था. मुंबई की माटुंगा पुलिस के जाँच में ये खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने तीन लड़कियों और दो लड़कों को 3.8 लाख रुपये में बेचा था. यह गिरोह बच्चों के रंग और चेहरे-मोहरे के आधार पर पैसे तय करता था। बाद में इन बच्चों को जरूरतमंदों को बेच दिया जाता था। बच्चों को अधिक सुंदर, गोरा और बड़ा दिखाने के लिए विभिन्न प्रकार के बेबी हार्मोन का उपयोग किया जाता था। पुलिस के मुताबिक गिरोह में नौ महिलाओं के साथ दस अन्य आरोपी शामिल हैं. नौ महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है. यह बात सामने आई है कि ये नौ महिलाएं और दस अन्य देश भर में मानव तस्करी से जुड़े हुए हैं. ये लोग मानव तस्करी गिरोह के लिए काम करते हैं. इसके अलावा यह गिरोह ऐसे लोगों को भी ढूंढता है जो निस्संतान हों। ऐसे लोग तलाश कर इन चुराए गए बच्चों को ऊंची कीमत पर बेच देते हैं. इसके अलावा, गिरोह पीड़ितों को वेश्यावृत्ति, भीख मांगने और अन्य शोषणकारी गतिविधियों के लिए मजबूर करता है। लड़कियों को समय से पहले बड़ा किया जाता है, हार्मोन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं और फिर बेच दिया जाता है। अब इस पूरे मामले में पुलिस को इन आरोपियों से मानव तस्करी के शिकार लड़के, लड़कियों, किशोरों और कुछ वयस्कों की सूची मिली है और सूची के अनुसार जांच चल रही है. वहीं पुलिस ने कर्नाटक से अपहृत बच्चे को छुड़ा लिया है और 10 लोगों को हिरासत में लिया है. बताया गया है कि माटुंगा पुलिस को दादर के तिलक ब्रिज के नीचे फुटपाथ पर रहने वाली एक महिला की एक महीने की बेटी को 1 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। जांच करने पर पुलिस को जानकारी मिली कि महिला के पति को पुलिस ने एक मामले में गिरफ्तार किया था. उसकी जमानत के लिए एक लाख रुपये की जरूरत थी. पैसे नहीं होने पर महिला ने अपनी बेटी को बेच दिया। इस जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि पूरे गिरोह का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है.

# एमवीए की हार के बाद सपा का ऐलान, बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेंगे

*** महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी का दावा- अखिलेश से हो चुकी बात**




**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने दावा किया कि बीएमसी चुनाव सपा अकेले ही लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी से पूरी तरह से किनारा करने पर अबू आजमी ने कहा कि हम सेक्युलर लोग हैं। बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया, ऐसा करने वाले लोगों को कोर्ट अपराधी मानता है, वहीं कुछ लोग कहेंगे कि हम उनको बधाई देना चाहते हैं। यह संविधान के खिलाफ है और ऐसे लोगों के साथ समाजवादी पार्टी नहीं रह सकती है। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से इस पर बात हो गई। बीएमसी का चुनाव सपा अकेली लड़ेगी।

महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठ रहे मुद्दे को लेकर अबू आजमी ने कहा कि हमने बस ड्राइवरों का मुद्दा उठाया। कुर्ला में एक बस एक्सीडेंट में 8 की मौत हो गई और 43 लोग घायल हुए थे। पता चला कि ड्राइवर एक्सपर्ट नहीं था और उसकी ट्रेनिंग सही तरीके से नहीं हुई थी। वहीं मानखुर्द शिवाजी नगर में हुए एक एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दिखाया कि बस रोकर शराब खरीदी जा रही है। कई लोगों ने दिखाया कि बस की सीट के नीचे शराब की बोतल रखी है। ऐसे में यह लापरवाही है और लोगों की जान जा रही है। हमारी मांग है कि जो कंपनी ड्राइवर को ट्रेनिंग दे रही है, उसको ब्लैकलिस्ट किहया जाए और हत्या का मुकदमा चलाया जाए।

महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर एनसीपी के वरिष्ठ नेता शरद पवार की नाराजगी के सवाल पर अबू आजमी ने कहा कि अजित पवार महायुति का हिस्सा हैं। वह उपमुख्यमंत्री हैं, लेकिन कहीं दिख नहीं रहे हैं। मंत्रियों की नाराजगी को लेकर उन्होंने कहा कि यह फैसला मुख्यमंत्री का होता है। उन्हें अच्छे से पता होगा कि उनके लिया क्या बेहतर है। मेरा कहना है कि जो भी आएं, वह समाज के सभी लोगों के साथ इंसाफ करें, जैसी शपथ उन्होंने ली है।

# निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का आरोप, विभाजनकारी राजनीति करती है भाजपा

**पटना (एजेंसी)।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भाजपा पर मुद्दों के राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाकर कहा कि यह लोग कब्रिस्तान, शमशान, ईद, जिन्ना और पाकिस्तान जैसे मुद्दों को लेकर राजनीतिक लाभ अर्जित करने जुटे हैं।



उन्होंने कहा, देश में हर चुनाव के वक्त यह मुद्दे फिर से उठाए जाते हैं, ताकि लोगों के बीच नफरत फैला सके और एक विभाजन हो, ताकि वोट बैंक की राजनीति हो सके। उन्होंने कहा, आप देखिए, बीजेपी के नेता हरियाणा जाते हैं, तब जाट को, पंजाब जाते हैं, तब सिख को, महाराष्ट्र जाते हैं, तब मराठी को, यूपी और बिहार जाते हैं, तब यादव को, इन सभी को यह अपने हिसाब से ढालने की कोशिश करते हैं। हर राज्य में अलग-अलग मुद्दे खड़े किए जाते हैं, ताकि हर जगह धर्म और जाति के नाम पर चुनावी फायदे की राजनीति हो। यह जो काम है, यह किसी भी देश या समाज में स्थिरता नहीं ला सकता है, बल्कि यह समाज को और अधिक विभाजित करता है।'

उन्होंने कहा, अगर आप अमेरिका, जर्मनी, जापान जैसे देशों में जाते हैं, तब वहां पर किसी भी धर्म पर विवाद नहीं होता। वहां विकास, शिक्षा, रोजगार पर चर्चा होती है। लेकिन, यहां पर हमारे नेताओं का ध्यान केवल धर्म, जाति और नफरत फैलाने पर है। उन्होंने कहा, जब बात आती है आरक्षण की, तब मैं यह कहना चाहता हूं कि जो 67 फीसदी आरक्षण की बात हो रही है, वह पूरी तरह से सही है। हम यह नहीं कह रहे कि मुसलमानों को आरक्षण चाहिए, बल्कि हम यह कह रहे हैं कि दलितों, आदिवासियों, और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों को सम्मान देना चाहिए।'

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि किसानों का मुद्दा, बेरोजगारी का मुद्दा, यह सब छुपा दिया जाता है। चुनावी समय में सिर्फ इसतरह के मुद्दे उठाए जाते हैं जो समाज में घृणा फैलाते हैं। असल मुद्दों पर कभी बात नहीं होती। उन्होंने कहा, ÷चुनाव आयोग की भूमिका भी हमेशा संदिग्ध रही है। जब चुनाव आयोग को शक्ति देने की बात होती है, तब उसका दुरुपयोग हो सकता है।

# 9वीं क्लास के छात्रों का पसंदीदा विषय बना एआई, सीबीएसई स्कूलों में हो रहा बहुत लोकप्रिय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आधुनिक एजुकेशन में एक बड़ा बदलाव दिख रहा है। अब 9वीं क्लास के छात्र आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को एक लोकप्रिय और पसंदीदा विषय के रूप में अपना रहे हैं। मोदी सरकार ने एआई वर्चुअल रियालिटी (वीआर) और मिक्स्ड रियालिटी (एमआर) जैसी उभरती तकनीकों को स्किल इंडिया इकोसिस्टम में शामिल किया है, ताकि छात्रों को बेहतर करियर के मौके मिल सकें। ये नई तकनीकें अब छात्रों के कौशल को निखारने और भविष्य की चुनौतीपूर्ण दुनिया के लिए उन्हें तैयार करने में मदद कर रही हैं।

2019 में सीबीएसई ने अपने स्कूलों में एआई विषय की शुरुआत की थी और अब ये विषय स्कूलों में बेहद लोकप्रिय होता जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 सत्र में 4538 स्कूलों के 7,90,999 छात्रों ने 9वीं-10वीं में एआई को विकल्प के रूप में चुना है। इसके अलावा 944 स्कूलों के 50,343 छात्रों ने सीनियर सेकंडरी लेवल पर एआई को विषय के रूप में चुना है।स्कूलों में एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) कोर्स की डिमांड बढ़ रही है। कई छात्र एआई और एमएल में स्पेशलाइजेशन के बाद बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) जैसे कोर्स कर रहे हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी ने 11वीं क्लास की कंप्यूटर साइंस की किताबों में एआई और एमएल को शामिल किया है जिससे छात्रों को इन तकनीकों के बारे में गहरी समझ मिल रही है।

### यूनिवर्सिटी स्तर पर उभरती तकनीकों का विकल्प

यूनिवर्सिटी स्तर पर भी एआई, एमएल, 3डी मशीनिंग, बिग डेटा एनालिसिस और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते हुए कोर्सेज की बहुत डिमांड है। ये कोर्स छात्र को नई तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें आने वाले समय में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करते हैं। सीबीएसई से जुड़े करीब 30,373 स्कूलों में से 29,719 स्कूलों में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार है जो 98 प्रतिशत स्कूलों के बराबर है। इसका मतलब है कि सीबीएसई के अधिकांश स्कूलों में छात्रों को एआई और एमएल जैसे तकनीकी विषयों को सीखने के लिए जरूरी उपकरण और संसाधन उपलब्ध हैं।

एआई और एमएल जैसे तकनीकी कोर्सेज की बढ़ती मांग के कारण इनकोर्सेज में छात्रों की रुचि लगातार बढ़ रही है। साथ ही एमआर (मिक्स्ड रियलिटी) एक उभरती हुई तकनीक है जो वीआर (वर्चुअल रियलिटी) और एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) का संयोजन करके एक नया अनुभव प्रदान करती है। इसमें वास्तविक दुनिया की जानकारी को डिजिटल जानकारी के साथ मिलाकर छात्रों को नई तकनीकी दुनिया का अनुभव कराया जाता है।



# टाटा प्रोजेक्ट्स के आईपीओ का अभी और करना होगा इंतजार

**कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में लेकर आ सकती है आईपीओ**

**नई दिल्ली ।** टाटा प्रोजेक्ट्स के आईपीओ के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले एक से डेढ़ साल के अंदर यह पब्लिक इश्यू आ सकता है। दरअसल ईटी की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के सीईओ ने यह जानकारी दी है। इससे पहले पिछले साल टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ आया था, जिसे निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था और लिस्टिंग पर इसने तगड़ा गेन दिया था। खास बात है कि अगर टाटा प्रोजेक्ट्स का आईपीओ तय समय सीमा पर आता है तो यह 2 साल के अंदर टाटा ग्रुप की किसी कंपनी का दूसरा पब्लिक इश्यू होगा। टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ 19 साल बाद टीसीएस के पब्लिक इश्यू के बाद आया था। टाटा प्रोजेक्टस के सीईओ ने कहा कि कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में आईपीओ लेकर आ सकती है। हालांकि, यह तब ही संभव है जब कंपनी लगातार कैश जनरेट कर पाएगी। टाटा प्रोजेक्ट्स, कंस्ट्रक्शन कारोबार में एक बड़ा नाम है। मौजूदा वक्त में कंपनी की ऑर्डर बुक 40000 करोड़ रुपये है। कंपनी के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स में दिल्ली में स्थित नया संसद भवन और मुंबई में अटल सेतु शामिल हैं। खास बात है कि यह कंपनी 20 फीसदी से अधिक परियोजनाएं टाटा समूह की कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा पावर, इंडियन होटल्स, टाटा स्टील और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से हासिल करती है।




# क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर देश में अब टैक्स लगेगा

**- क्रिप्टोकरेंसी को अब कैपिटल एसेट के रूप में माना जाएगा**

**जयपुर ।** जोधपुर के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने भारत में क्रिप्टोकरेंसी पर टैक्स को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला किया है, जिससे देश में क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर टैक्स लगने वाला है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ क्रिप्टोकरेंसी को अब कैपिटल एसेट के रूप में माना जाएगा और इससे मुनाफे पर टैक्स किस प्रकार लगाया जाएगा, यह स्पष्ट हो गया है। इस निर्णय के मुताबिक क्रिप्टोकरेंसी से होने वाला मुनाफा हाई इनकम टैक्स स्लैब के बजाय कैपिटल गेन टैक्स माना जाएगा।

यह फैसला ऐसे निवेशकों के लिए बड़ा समाचार है जो क्रिप्टोकरेंसी में लेनदेन करते हैं। उन्हें अब लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की केटेगरी में ही टैक्स की दरें चुकानी होंगी, जिससे उन्हें कम टैक्स देने होंगे। इस निर्णय ने निवेशकों को स्पष्टता दी है कि क्रिप्टोकरेंसी में विशिष्ट नियम पेश करने से पहले हुए ट्रांसक्शन्स को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में समझा जा सकता है। इससे निवेशकों को अधिक जानकारी और सुरक्षा मिलेगी और वे अपने निवेश को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकेंगे।




## स्मार्टफोन निर्यात के मामले में एप्पल का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।** एप्पल कंपनी ने नवंबर महीने में स्मार्टफोन निर्यात के मामले में शानदार प्रदर्शन किया। इंडस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात 20,300 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि से 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।


भारत में स्मार्टफोन निर्यात ने इस साल नवंबर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो पहली बार 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। पिछले साल नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात 10,600 करोड़ रुपये से अधिक था। इस माह निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा, इसके बाद सैमसंग का स्थान था। भारत का स्मार्टफोन निर्यात लगातार बढ़ रहा है, और यह एक संकेत है कि देश के उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत स्मार्टफोन विनिर्माण में बड़ी सफलता मिल रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि को स्मार्टफोन पीएलआई योजना के लिए एक मील का पत्थर बताया। मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, एप्पल द्वारा 10 बिलियन डॉलर के आईफोन का उत्पादन और 7 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ है। भारत से कुल स्मार्टफोन निर्यात 7 महीनों में 10.6 बिलियन डॉलर को पार कर गया। इसके अलावा, भारत में प्रीमियम, 5जी और एआई स्मार्टफोन की मजबूत मांग के कारण इस वर्ष 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के लोकल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात वृद्धि को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के आंकड़ों के अनुसार, 2014-15 में मोबाइल फोन का उत्पादन 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में अनुमानित 4.10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पीएलआई योजना के कारण 2,000 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है। सरकार की पीएलआई योजना के कारण, एप्पल के आईफोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2025 के सात महीनों में 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें अकेले 7 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ। यह एक रिकॉर्ड है, जो भारत में स्मार्टफोन उत्पादन और निर्यात में मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम है।



## मोदी सरकार ने छूट क्या दी.............लोगों ने खूब खरीदा सोना, बन गया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।** शादी और त्यौहारों के सीजन में लोगों ने इतना सोना खरीदा की रिकॉर्ड ही बन गया। इसके पीछे बड़ी वजह ये है कि मोदी सरकार ने सोने पर आयात शुल्क में ढील दे दी थी। इससे सोना मंगाना और बेचना सस्ता हो गया। वहीं शादी और त्यौहारों का सीजन होने की वजह से जमकर खरीदारी हुई। इसकारण नवंबर माह में ही देश में सोने का आयात चार गुना बढ़कर 14.86 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से त्यौहारी सीजन और शादी-विवाह की मांग के कारण सोने का आयात बढ़ा है। इसके पहले नवंबर, 2023 में सोने का आयात 3.44 अरब डॉलर रहा था। कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान आयात 49 प्रतिशत बढ़कर 49 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 32.93 अरब डॉलर था। मंत्रालय के अनुसार, करीब 25 प्रतिशत औसत वार्षिक रिटर्न के साथ सोना 2024 (नवंबर तक) में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली संपत्तियों में से एक है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में इस साल 2024 में अब तक सोने की कीमतें 23 प्रतिशत बढ़कर 78,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं। बजट में मोदी सरकार ने सोने के आयात पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत किया था। इसके बाद विदेश से सोना मंगाना सस्ता हो गया और घरेलू बाजार में भी कीमतों में करीब 6 हजार रुपये की गिरावट आई। इस कारण भारत का सोना आयात 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया था। अगर देश में आयात की बात की जाए, तब स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी हमारे कुल आयात में लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का नंबर आता है।



# देश में 40 फीसदी लोग ही करते हैं यूपीआई का उपयोग: रिपोर्ट

**- यूपीआई प्रणाली को अधिकांश लोग नहीं करते पसंद**

**नई दिल्ली ।** भारत के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में वित्तीय लेनदेन के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) का अधिकांश लोगों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है, जैसा कि ईवाई और सीआईआई की संयुक्त रिपोर्ट में प्रकट हुआ है। मान्यताओं के अनुसार इस प्रणाली को 40 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है, लेकिन केवल चार लोग ही इसे लेनदेन का पसंदीदा तरीका मानते हैं। रिपोर्ट में 11 फीसदी प्रतिभागी ने ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में यूपीआई को भुगतान के रूप में वरीयता नहीं दी है। इस सर्वेक्षण के अनुसार महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अधिकतर थे। सीआईआई इंडिया के पार्टनर वित्तीय सेवाओं के प्रमुख ने इस स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारी रिपोर्ट वित्तीय संस्थानों के लिए ग्रामीण और कस्बाई भारत में विशेष बचत और निवेश समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक नई दिशा प्रदान करती है। इस स्थिति में उचित जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से यूपीआई प्रणाली के फायदों को ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों तक पहुंचाना अवश्यक है ताकि इसका उपयोग विस्तार से हो सके।




## विशाल मेगा मार्ट का शेयर बाजार में सूचीबद्ध

**शेयर का मूल्य बीएसई पर 41 प्रतिशत बढ़त के साथ 110 रुपये पर तय किया गया**

**नई दिल्ली ।** घरेलू सामानों के लिए बड़ी-बड़ी दुकानें चलाने वाली विशाल मेगा मार्ट ने बुधवार को अपने निर्गम मूल्य में बढ़ोतरी के साथ बाजार में सूचीबद्ध हो गया है। इसमें शेयर का मूल्य बीएसई पर 78 रुपये से 41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110 रुपये पर तय किया गया है। यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि बाजार में कंपनी को उम्मीदवारों की अच्छी प्रतिध्वनि मिली है। एनएसई पर भी शेयर का मूल्य 33.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104 रुपये पर शुरू हुआ था। विशाल मेगा मार्ट की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बेहद सफल रही थी और शेयर बिक्री के अंतिम दिन गत शुक्रवार को 27.28 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 8,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 74-78 रुपये प्रति शेयर रखा था। इस बढ़ोतरी के बाद, कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,644.57 करोड़ रुपये हो गया है। जिस तेजी से विशाल मेगा मार्ट का शेयर मांग में उछल रहा है, वह बाजार के लिए एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। उम्मीद है कि कंपनी इस सफलता की श्रुतांत को बनाये रखने में सफल रहेगी और उसके शेयरहोल्डर्स को और अधिक लाभ प्रदान करेगी।



## वन मोबिक्विक सिस्टम्स का शेयर 58 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**शेयर 87.81 प्रतिशत उछाल के साथ 524 रुपये पर पहुंच गए**

**नई दिल्ली ।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड ने बुधवार को बाजार में उछाल बनाई जब उसके शेयर अपने निर्गम मूल्य 279 रुपये से 58 प्रतिशत से अधिक चढ़कर सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर 58.51 प्रतिशत चढ़कर 442.25 रुपये पर संकलित हो गए। इसके बाद वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर 87.81 प्रतिशत उछाल के साथ 524 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी की बाजार मूल्यांकन 3,435.68 करोड़ रुपये के पार पहुंची। एनएसई पर उनके शेयर ने 57.70 प्रतिशत के उछाल के साथ 440 रुपये पर शुरुआत की। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की आखिरी दिन को 119.38 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने अपनी 572 करोड़ रुपये के आईपीओ को 265-279 रुपये प्रति शेयर के दायरे में बोली थी। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की आईपीओ की कामयाबी ने बाजार में चर्चा उत्पन्न की और निवेशकों की ध्यान आकर्षित किया।

## साई लाइफ साइंसेज का शेयर 20 फीसदी बढ़त पर सूचीबद्ध

**कंपनी ने आईपीओ में 950 करोड़ और 2,092 करोड़ के 3.81 करोड़ शेयर की बिक्री पेश की थी**

**नई दिल्ली ।** साई लाइफ साइंसेज के शेयर ने बुधवार को बाजार में धूम मचाई। यह इसके निर्गम मूल्य 549 रुपये से 20 प्रतिशत अधिक उछाल के साथ उच्चतम स्तर पर सूचीबद्ध हुआ। शेयर ने बीएसई पर 20.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 660 रुपये पर सूचीबद्ध किया गया, जो बाद में 27.86 प्रतिशत उछाल के साथ 702 रुपये पर पहुंच गया। इसके अतिरिक्त एनएसई पर शेयर ने 18.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 650 रुपये पर शुरूआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,493.75 करोड़ रुपये था। साई लाइफ साइंसेज के आरम्भिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शेयर बिक्री के तीसरे और अंतिम दिन तक 10.26 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने आईपीओ में 950 करोड़ रुपये के नए शेयर और 2,092 करोड़ रुपये के 3.81 करोड़ शेयर की बिक्री पेश की थी। इसके लिए मूल्य दायरा 522-549 रुपये प्रति शेयर था।

## झारखंड सरकार ने कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की

**कानूनी प्रक्रिया शुरू करने से पहले अधिसूचना जारी की गई थी**

**रांची ।** झारखंड सरकार ने केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया का पहला कदम राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार सचिव को अधिकृत करने वाले अधिसूचना की जारी करना था। पिछले महीने झारखंड की नई सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की घोषणा की थी। उसके बाद एक अधिसूचना जारी की गई जिसमें कहा गया, राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार सचिव को केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। केन्द्रीय कोयला राज्यमंत्री ने कहा था कि झारखंड का केंद से कोई बकाया नहीं है, लेकिन झामुमो के महासचिव ने इसका खंडन किया और कहा कि अगर कोयले की रॉयल्टी 15 दिनों के अंदर नहीं दी जाती है तो राज्य से कोयला नहीं जाएगा। इसके साथ ही, कोयला कंपनी के अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि कोयला ढुलाई बंद कर दी जाएगी।



# अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सहमे बाजार, बुधवार को पांचवें दिन लाल रहा बाजार

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार पांचवें ट्रेडिंग सेशन में गिरकर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले विदेशी निवेशक जोखिम नहीं ले रहे हैं और अमेरिकी शेयरों में निवेश के चलते भारतीय इक्विटी बेच रहे हैं। साथ ही किसी भी प्रमुख घरेलू ट्रिगर नहीं होने की वजह से बाजार बुधवार को गिरकर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को मामूली गिरावट के साथ 80,666.26 अंक पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सेशन में यह 80,684.45 के स्तर पर बंद हुआ था। अंत में सेंसेक्स 502.25 अंक की गिरावट लेकर 80,182.20 पर बंद हुआ। इसतरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 24,300 के नीचे खुला। इसके बाद में इसमें गिरावट बढ़ गई। अंत में यह 155.05 अंक फिसलकर 24,180.95 पर बंद हुआ। बुधवार को बाजार में सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर 2.75 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। वहीं दूसरी तरफ, टीसीएस (टीसीएस) का शेयर सबसे ज्यादा चढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा इंडेक्स हैवी वेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और सनफार्मा, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं बाजार जानकारों का मानना है कि दिन के अंत में अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत निर्णय से पहले निवेशक सतर्क दिख रहे हैं। निवेशकों का अनुमान है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है। हालांकि, निवेशकों का ज्यादा ध्यान इस बात पर रहेगा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल बैठक के बाद क्या कहते हैं।

**वैश्विक बाजारों का क्या हाल ?**

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की नुकसान में दिखाई दिया। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।



**विशाल मेगा मार्ट आईपीओ की जोरदार लिस्टिंग**

विशाल मेगा मार्ट आईपीओ के शेयरों की बुधवार को शेयर बाजार में शानदार एंट्री हुई। एनएसई पर आईपीओ 104 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके इश्यू प्राइस 78 से 33.33 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, बीएसई पर यह 110 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ, जो आईपीओ प्राइस से 41 प्रतिशत ऊपर है। इसतरह डिजिटल पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर वन मोबिक्विक सिस्टम के शेयरों की बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई। एनएसई पर वन मोबिक्विक सिस्टम का आईपीओ 440 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके इश्यू प्राइस 279 से 57.70 प्रतिशत अधिक है। वहीं, बीएसई पर यह रुपये पर 442.25 रुपये लिस्ट हुआ, जो आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड से 58 प्रतिशत ज्यादा है।

## कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल ने क्यूआईपी के जरिये 1,000 करोड़ जुटाए

**धन का उपयोग केपीआईएल की वित्तीय स्थिति सुधारने में किया जाएगा**

KALPA-TARU

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल (केपीआईएल) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पांच संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 1,000 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कम्पनी ने कहा कि यह उनके विविधीकृत व्यवसायिक खंड में निवेशकों के भरोसे की पुष्टि करता है। इस धन का उपयोग केपीआईएल के बही-खाते को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय स्थिति में सुधार करने और वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। जनसाधारण के लिए यह एक अच्छी खबर है क्योंकि केपीआईएल वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं संचालित कर रही है और 75 देशों में उपस्थित है। इसका मतलब यह है कि कंपनी ने अपने क्षेत्र में व्यापक उपस्थिति बनाए रखा है और अपने विश्व स्तरीय परियोजनाओं के माध्यम से विकास में योगदान देने के लिए अग्रसर है। केपीआईएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्यूआईपी के माध्यम से जुटाए गए वित्तीय संसाधन ने उनकी कंपनी को मजबूती प्रदान की है और उनके विकास की योजनाओं को गति देने में मदद करेगा। इस आधार पर यह निश्चित रूप से एक बड़ी सफलता की घोषणा है जो क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देगी।

## सेबी ने ओडीआई के लिए खुलासा अनिवार्य किया

**- नए नियमों के अनुसार अलग पंजीकरण के माध्यम से ही ओडीआई इश्यू कर सकेंगे**

नई दिल्ली । सेबी ने ऑफ शोर डेरिवेटिव इंस्ट्रूमेंट (ओडीआई) के लिए नए नियमों की घोषणा की। इससे स्पष्ट हुआ कि ओडीआई को स्वामित्व और आर्थिक हित से जुड़े खुलासे अनिवार्य होंगे। राजधानी बाजार नियामक ने ओडीआई को पहले पार्टिसिपेटरी नोट्स के रूप में जाना जाता था, जिनका प्रयोग हेज फंडों द्वारा भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश के लिए किया जाता था। नए नियमों के अनुसार वे एक अलग पंजीकरण के माध्यम से ही ओडीआई इश्यू कर सकेंगे, जिसमें कोई मालिकाना निवेश नहीं होगा। सेबी ने जिन एफपीआई के पास ओडीआई बकाया है, उन्हें एक साल के अंदर अलग से पंजीकरण करने का निर्देश दिया है। नए नियमों के तहत, डेरिवेटिव के साथ ओडीआई इश्यू करने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जो उनके मौजूदा भुगतानों को भी शामिल करेगा। सेबी ने इसके साथ ही डेरिवेटिव आधारित मौजूदा ओडीआई को भुनाने के लिए एक वर्ष की संवैधानिक सुविधा भी प्रदान की है। यह नए नियम ऑफशोर डेरिवेटिव इंस्ट्रूमेंट के सुरक्षित और निष्पक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे निवेशकों को अधिक सुरक्षित माहौल में निवेश करने का अवसर मिलेगा, जिससे वित्तीय बाजार में विश्वास और स्थायिता बढ़ सकेगी।

## नवंबर में इक्विटी फंडों की नकदी घटकर 4 महीने के निचले स्तर पर

### इक्विटी योजनाओं में नकदी में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई

नई दिल्ली । इक्विटी म्युचुअल फंडों की नकदी स्तरों में नवंबर में मामूली गिरावट देखी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार इक्विटी योजनाओं में नकदी में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो चार महीने की सबसे कम है। यह गिरावट अक्टूबर से आ रहे कमी का परिणाम हो सकती है। पीपीएफएएस म्युचुअल फंड के पास सर्वाधिक 21.5 प्रतिशत की नकदी थी, जबकि अन्य फंड हाउसों के पास छह महीने की उच्चतम गिरावट में 14 प्रतिशत की मासिक गिरावट थी। यह गतिविधि बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते हो रही है, हालांकि फंड अधिकारियों का लक्ष्य पूर्ण निवेश बनाए रखना है। नकदी स्थिति अनिश्चितता या महंगे मूल्यांकन के दौरान इन योजनाओं में नकदी रखने की आवश्यकता को दर्शाती है। नवंबर में ऐक्टिव योजनाओं में पूंजी निवेश कम आया था, जिसकी वजह एकमुश्त निवेश और नई फंड पेशकशों के संग्रह में गिरावट की गई थी। इससे तो यह स्पष्ट है कि बाजार में नकदी स्तरों में बदलाव के साथ आए गिरावट की वजह से इक्विटी योजनाओं की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में गिरावट भी देखने को मिल रही है।

## बिहार के विकास में अभूतपूर्व वृद्धि:अमृत लाल मीणा

**पिछले पांच वर्षों में राज्य में डेटा खपत में 15 गुना वृद्धि हुई**

**पटना ।** बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में डेटा खपत में 15 गुना वृद्धि हुई है। उनके अनुसार राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास, संपर्क में निवेश और रेल तथा सड़क तंत्र के निर्माण में कई बड़े कदम उठाए हैं। बिहार में सड़क घनत्व देश में तीसरे स्थान पर है, जो व्यापार और परिवहन को सुविधाजनक बनाता है। बिजली उत्पादन 700 मेगावाट से बढ़कर 7,000 मेगावाट हो गया है। राज्य में आईटी पार्क और डेटा सेंटरों का निर्माण भी हो रहा है। मीणा ने कहा कि बिहार में पिछले दो दशकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में भारी निवेश किया गया है। राज्य सरकार ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणा की है, जैसे कि एक्सप्रेस राजमार्गों का निर्माण और वाराणसी-कोलकाता परियोजना। उन्होंने बताया कि बिहार में गैस के लंबे नेटवर्क और गैस वितरण की व्यापकता में वृद्धि हुई है। दूरदराज क्षेत्रों तक ऑप्टिकल फाइबर केबल भी पहुंचा है। वित्तीय संरक्षण में भी बड़ी वृद्धि हुई है, जैसे कि 2015 में एमएसएमई को 8,000 करोड़ रुपये का ऋण मिलता था, जबकि अब यह तादाद 77,000 करोड़ रुपये है। बिहार के विकास में यह सभी कदम क्रांतिकारी साबित हो सकते हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जॉर्जिया के पर्वतीय रिसॉर्ट गुदौरी के रेस्तरां में 12 भारतीय मृत मिले : भारतीय मिशन



**त्बिलिसी, एजेंसी।** जॉर्जिया के पर्वतीय रिसॉर्ट गुदौरी के एक रेस्तरां में 12 भारतीय नागरिक मृत पाए गए. यहां स्थित भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी. जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुरुआती जांच में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले. स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि सभी पीड़ितों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से हुई है. त्बिलिसी में स्थित भारतीय मिशन ने कहा कि सभी 12 पीड़ित भारतीय नागरिक थे. हालांकि, जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि मृतकों में 11 विदेशी हैं जबकि एक उसका नागरिक था. बयान के मुताबिक, सभी मृतक उक्त भारतीय रेस्तरां में बतौर कर्मचारी काम कर रहे थे और उनके शव दूसरी मंजिल पर स्थित शयन कक्षों में पाए गए. भारतीय मिशन ने यहां जारी एक बयान में कहा, ''मिशन को अभी-अभी जॉर्जिया के गुदौरी में 12 भारतीय नागरिकों की मौत की जानकारी मिली है. शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना. मिशन मारे गए भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है. हर संभव सहायता दी जाएगी. स्थानीय पुलिस ने जॉर्जिया की आपराध संहिता की धारा 116 के तहत जांच शुरू की है. यह धारा लापरवाही से मौत से जुड़ी है. पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक, शयन कक्षों के पास एक बंद स्थान में विद्युत जनरेटर रखा गया था, जिसे संभवतः शुक्रवार रात को विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद चालू किया गया था.उसने बताया कि 'मौत का सटीक कारण' जानने के लिए फोरेंसिक जांच भी की जा रही है.

### कनाडाई पीएम ट्रूडो को झटका, वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड का इस्तीफा

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा की वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दे दिया है. कनाडा के पीएम



जस्टिन ट्रूडो की सबसे शक्तिशाली मंत्री थीं. फ्रीलैंड ने सोमवार को घोषणा की कि वह कैबिनेट से इस्तीफा दे रही हैं, क्योंकि ट्रूडो लोकप्रियता में गिरावट से जूझ रहे हैं. ट्रूडो सरकार की सबसे ताकतवर मंत्री फ्रीलैंड के इस्तीफे को तगड़ा झटका माना जा रहा है. फ्रीलैंड, जो उप प्रधानमंत्री भी थीं, ने कहा कि ट्रूडो ने उन्हें शुक्रवार को बताया था कि वह अब उन्हें वित्त मंत्री के रूप में काम करते हुए नहीं देखना चाहते हैं और उन्होंने मुझे कैबिनेट में एक और पद की पेशकश की. फ्रीलैंड ने कहा कि इस प्रस्ताव पर चिंतन करने के बाद मैंने निष्कर्ष निकाला है कि मेरे लिए मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना ही एकमात्र ईमानदारी वाला रास्ता है. फ्रीलैंड ने ट्रूडो को एक्स पर पोस्ट किए गए एक पत्र में कहा, पिछले कई हफ्तों से, आप और मैं कनाडा के लिए आगे बढ़ने के सर्वोत्तम रास्ते को लेकर असमंजस में हैं. वहीं स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि फ़्रीलैंड और ट्रूडो अस्थायी कर छूट और अन्य व्यय उपायों के प्रस्ताव पर भिड़ गए थे. वहीं बताया जा रहा है कि फ्रीलैंड के स्थान पर बैक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी को नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है. कार्नी इससे पूर्व पीएम ट्रूडो के आर्थिक सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं. हालांकि कार्नी को वित्त मंत्री बने के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स के निर्वाचित सदन में एक सीट से चुनाव लड़ना होगा.

### अपार्टमेंट के ऊपर हाइवे, जहां धड़ल्ले से दौड़ती हैं गाड़ियां



**बीजिंग, एजेंसी।** विज्ञान के साथ ही इंसान ने काफी ज्यादा तरक्की कर ली है, अब इंसान के द्वारा ऐसे-ऐसे नमूने तैयार कर दिए जाते हैं जिस विश्वास नहीं होता है. लेकिन इन दिनों एक वीडियो सामने आया है जिसमें जहां घर की छत पर हाइवे बना हुआ है. इतना ही नहीं, इस पर गाड़ियां और बसें फर्राटा भरती नजर आ रही हैं. वायरल वीडियो में एक सड़क दिखाई पड़ रही है. इस पर वाहन तेजी से गुजर रहे हैं. लेकिन इस पर जरा सा नीचे देखने पर आपको दिखाई देगा कि बिल्डिंग्स हैं.इतना ही नहीं अपार्टमेंट के ठीक ऊपर ओवरब्रिज बना हुआ है, जिस प गाड़ियां दौड़ रही हैं. वहीं अपार्टमेंट भी खाली नहीं है बल्कि इसमें लोग परिवार के साथ रहते हैं. वायरल वीडियो चीन का बताया जा रहा है. इसको इंस्टाग्राम पर itschina.baby नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है. इस वीडियो को अब तक 9 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं और 19 हजार से अधिक लोग पसंद कर चुके है. इसको लेकर एक यूजर ने लिखा- वो तो सब ठीक है लेकिन छत पर कपड़े कैसे सूखेंगे? वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि यदि भूकंप आ गया तो? वहीं अधिकतर यूजर्स का कहना था कि चीन को ओवरब्रिज पर इतना अधिक भरोसा?

# प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने डोमिनिक लेब्लांक को कनाडा का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक रहे लेब्लांक ने सोमवार को ओटावा के रिड्यू हॉल में वित्त मंत्री पद की शपथ ली। नए वित्त मंत्री ने समारोह के बाद कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता कनाडाई लोगों के लिए जीवनयापन की लागत कम करना और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खास सहयोगी लेब्लांक हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रूडो संग रात्रिभोज में शामिल हुए थे। 57 वर्षीय न्यू ब्रंसविक पहली बार 2000 में चुने सांसद गए, वह पूर्व गवर्नर-जनरल रोमियो लेब्लांक के बेटे हैं। लेब्लांक ने कहा कि वह अंतर-सरकारी मामलों के मंत्री का पद अपने पास रखेंगे। इससे पहले क्रिस्टिया फ़्रीलैंड ने ट्रूडो को लिखे एक पत्र में सोमवार सुबह अचानक वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वे देश के लिए सर्वोत्तम रास्ते को लेकर असमंजस में हैं। लिबरल सरकार का आर्थिक अपडेट सोमवार दोपहर जारी किया गया, जिससे पता चला कि घाटा 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष के लक्ष्य से बहुत बड़ा था। अपने त्याग पत्र में फ्रीलैंड ने खुलासा किया कि ट्रूडो ने उन्हें पिछले सप्ताह सूचित किया था कि वह अब उन्हें इस भूमिका में नहीं देखना चाहते हैं और इसके बजाय उन्हें एक और कैबिनेट पद की पेशकश की थी। ट्रूडो ने इस्तीफे पर तुरंत कोई



प्रतिक्रिया नहीं दी। ट्रूडो सरकार कथित तौर पर प्रतिक्रिया में बढ़ी हुई सीमा सुरक्षा और निगरानी में निवेश करने की योजना विकसित कर रही है, लेकिन ट्रंप के सख्त रुख का दबाव भी महसूस कर रही है। फ्रीलैंड द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक अपडेट में सरकार सोमवार को कनाडा की संसद में सीमा योजना का विवरण पेश करने वाली थी। फ्रीलैंड का भी सरकारी खर्च को लेकर ट्रूडो के साथ मतभेद था और उनके इस्तीफा देने के बाद अपडेट का विवरण सामने आया। ये अपडेट तब आए हैं, जब ट्रूडो की लिबरल पार्टी चुनाव की तैयारी कर रही है जो अगले साल अक्टूबर के अंत से पहले होना चाहिए। ट्रूडो ने कहा है कि उनकी योजना पार्टी के शीर्ष पर बने रहने की है। उदारवादियों के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, यदि सहयोगी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी अपना समर्थन खींच लेती है तो इससे किसी भी समय एक नया चुनाव हो सकता है। इस बीच ट्रंप की जीत ने घरेलू चिंताओं को जन्म दिया है कि कनाडा वैश्विक सत्ता-विरोधी रुझानों के अधीन हो सकता है, जो लोकलुभावन पियरे पोइलिव्रे के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी को 2015 के बाद पहली बार सत्ता में देख सकता है। लगभग एक दशक तक सत्ता में रहने के बाद सितंबर में ट्रूडो की अनुमोदन रेटिंग घटकर केवल 33 प्रतिशत रह गई। कौन हैं डोमिनिक लेब्लांक 2015 में लिबरल पार्टी की जीत के बाद से लेब्लांक कई प्रमुख कैबिनेट पदों पर काम कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने सरकार के सार्वजनिक सुरक्षा प्रमुख और वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में कनाडा के अरबों डॉलर के बॉर्डर प्रोग्राम को बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। डोमिनिक लेब्लांक पिछले महीने कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ फ्लोरिडा में भावी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने भी गए थे। इससे पता चलता है कि वह अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वह कनाडा-अमेरिका कैबिनेट समिति का भी नेतृत्व करेंगे, जो पद पहले फ्रीलैंड सम्भाल रही थीं। क्रिस्टिया फ्रीलैंड का इस्तीफा इस बीच वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद देश में राजनीतिक अराजकता फैल गई है और प्रधानमंत्री ट्रूडो के नेतृत्व के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। फ्रीलैंड ने कई मुद्दों पर ट्रूडो की नीतियों का विरोध किया था। उन्होंने कहा है कि वह इसलिए इस्तीफा दे रही हैं क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे दूसरा पद संभालने के लिए कहा था। गौरतलब है कि 56 साल की फ्रीलैंड देश की उप प्रधानमंत्री के रूप में भी काम कर चुकी हैं।

### रूसी बलों के साथ मिलकर लड़ रहे उत्तर कोरिया के करीब 30 सैनिक मारे गए

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में सप्ताहांत यूक्रेनी सेना के साथ युद्ध में उत्तर कोरिया के करीब 30 सैनिक या तो मारे गए या फिर गंभीर रूप से घायल हो गए। 'जीयूआर' नामक एजेंसी ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक कुर्स्क के तीन गांवों के आसपास मारे गए। कुर्स्क वह सीमावर्ती क्षेत्र है, जहां रूस पिछले चार महीने से कब्जा करके बैठी यूक्रेनी सेना को खदेड़ने की कोशिश कर रहा है। 'जीयूआर' ने बताया कि कुर्स्क के एक अन्य गांव के आसपास कम से कम तीन उत्तर कोरियाई सैनिक लापता हो गए। यूक्रेनी के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। लगभग तीन वर्ष से जारी युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौत की यह पहली खबर है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने दावों से संबंधित सवाल रूसी रक्षा मंत्रालय को भेजे हैं हालांकि अब तक कोई टिप्पणी नहीं आई है। अमेरिका के रक्षा विभाग और यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, उत्तर कोरिया ने युद्ध में मदद के लिए लगभग 10,000 सैनिक रूस भेजे हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने पारस्परिक रक्षा समझौते के तहत रूस को युद्ध के लिए अटूट समर्थन का वचन दिया था।

### जेलेंस्की और पुतिन से नरसंहार रुकवाने के लिए बात करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से



लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए बात करेंगे। ट्रंप के मुताबिक वो इस नरसंहार को रुकवाने की कोशिश करेंगे। जनवरी में ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश से पहले ही दोनों पक्षों में जंग में बढ़त हासिल करने की होड़ लगी है। हालांकि अमेरिका से समर्थन प्राप्त करने वाले देश यूक्रेन को इस बात की भी चिंता है कि उसे क्षेत्र की शांति के बदले कुछ रियायतें देने को मजबूर होना पड़ सकता है।

दरअसल ट्रंप, जो बाइडेन प्रशासन द्वारा मास्को के खिलाफ कीव को प्रदान की गई अरबों डॉलर की सहायता को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं। दोनों देश के राष्ट्रपतियों से बात कर नरसंहार को रोकने की बात डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। ट्रंप ने कहा, हम राष्ट्रपति पुतिन से बात करेंगे साथ ही हम जेलेंस्की और यूक्रेन के प्रतिनिधियों से भी बात करेंगे। उन्होंने युद्ध का जिक्र करते हुए कहा, हमें इसे रोकना होगा, यह नरसंहार है। टिप्पणी ऐसे समय में की गई है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में अपनी सेना के आगे बढ़ते रहने के कदम की सराहना करते हुए कहा था कि ये वर्ष ऐतिहासिक रहा। बता दें कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि वह संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने पर काम करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा कैसे करेंगे।

ज्ञात हो कि ट्रंप ने इस महीने पेरिस में फ्रांसीसी नेता इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक बैठक में जेलेंस्की से मुलाकात की थी, जिसके बाद यूक्रेनी नेता ने दावा किया था कि कीव एक स्थायी शांति और सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहा है। यूक्रेन के मित्र और पड़ोसी देश पोलैंड ने सोमवार को अपील की कि कीव को शांति वार्ता के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा कि ऐसा करने के लिए पीड़ित को नहीं बल्कि हमलावर को प्रोत्साहित और मजबूर किया जाना चाहिए।

### अमेरिका : विस्कॉन्सिन के स्कूल में गोलीबारी में तीन की मौत, हमलावर भी मारा गया

**विस्कॉन्सिन, एजेंसी।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन के मैडिसन में एक क्रिश्चियन स्कूल में सोमवार को गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गोलीबारी के कारणों का पता नहीं चल सका है. हमलावर स्कूल का नाबालिग छात्र बताया जा रहा है. उसकी भी मौत हो गई. मैडिसन पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स के अनुसार गोलीबारी करने वाला संदिग्ध नाबालिग स्कूली छात्र भी घटनास्थल पर मृत पाया गया. संदिग्ध हमलावर स्कूल का स्टूडेंट मालूम पड़ता है. अग्निशमन प्रमुख क्रिस कार्बन के अनुसार सोमवार को विस्कॉन्सिन के मैडिसन स्थित एक स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद कम से कम सात लोगों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया. उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 10:57 बजे (स्थानीय समयानुसार) स्कूल भेजा गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस गोलाबारी में छह अन्य लोग घायल हो गए. इसमें दो छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है. चार छात्र अन्य क्षेत्र के अस्पतालों में भी हैं. पहले चार लोगों को बचाव दल द्वारा सेंट मैरी अस्पताल ले जाया गया और तीन अन्य को विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय के अस्पतालों में ले जाया गया।

# जस्टिन ट्रूडो को छोड़ना पड़ेगा पीएम पद? पार्टी के 60 सांसद चाहते हैं विदाई; इस्तीफा दे चुके हैं 5 मंत्री

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। उपप्रधानमंत्री और वित्त मंत्री क्रिस्टिना फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद जस्टिन ट्रूडो बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। अब उनकी पार्टी के ही सांसद उन्हें कमजोर प्रधानमंत्री बताने लगे हैं। कनाडा की मीडिया के मुताबिक ट्रूडो ने अभी निर्णय नहीं लिया है कि वह इस्तीफा देंगे या फिर पद पर बने रहेंगे। हाउस ऑफ कॉमन्स में 153 सीटों के साथ लिबरल पार्टी की सरकार थी। इनमें से 60 सांसद चाहते हैं कि जस्टिन ट्रूडो पद छोड़ दें। सोमवार को कॉकस की बैठक में जस्टिन ट्रूडो को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह भले ही जस्टिन ट्रूडो के लिए मुश्कील घड़ी हो लेकिन कनाडा के लिए अच्छा समय आने वाला है। उन्होंने कहा, शुक्रवार को ही ट्रूडो ने कह दिया था कि वह उन्हें वित्त मंत्री के तौर पर नहीं रखना चाहते बल्कि कोई और पद देने को तैयार हैं। ऐसे में मैंने ईमानदारी का रास्त चुना और इसलिए इस्तीफा दे दिया।

जस्टिन ट्रूडो ने अपने करीबी डॉमिनिक लेब्लांक को नया वित्त मंत्री बनाने का फैसला किया है। इस बीच जस्टिन ट्रूडो ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, प्रधानमंत्री के रूप में आपकी सेवा करना मेरे लिए गर्व की बात है। इसलिए मैं रोज सुबह उठकर सबसे पहले यही विचार करता हूं कि कनाडा के लोगों के लिए इस देश को कैसे बेहतर बनाया जाए। यहां भी जस्टिन ट्रूडो ने कोई



संकेत नहीं दिया कि वह पद पर बने रहेंगे या फिर इस्तीफा दे देंगे।

कनाडा का विपक्ष मांग करने लगा है कि तुरंत चुनाव करवाए जाएं। विपक्ष के नेता पियरे पाइलिवरे ने कहा, ट्रूडो में किसी का भरोसा नहीं बचा है, यहां तक कि उनके कैबिनेट मंत्री भी उनपर भरोसा नहीं करते हैं। केवल जगमीत सिंह को ही उनपर भरोसा है। बता दें कि हाउस ऑफ कॉमन्स में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी ने जस्टिन ट्रूडो का ही साथ दिया था। इस बारे में जगमीत सिंह ने कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन उन्होंने अगली बार अविश्वास प्रस्ताव के दौरान जस्टिन ट्रूडो का साथ देने की बात भी नहीं कही है।

बता दें कि फ्रीलैंड का अचानक इस्तीफे का ऐलान कर देना जस्टिन ट्रूडो के लिए बड़ा झटका है। इस साल ट्रूडो के पांच कैबिनेट मिनिस्टर इस्तीफा दे चुके हैं। इनमें से चार ने यह भी कह दिया है कि वे अगले आम चुनाव में मैदान में नहीं उतरेंगे। इसके अलावा कनाडा अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भी चुनौती का सामना कर रहा है। जस्टिन ट्रूडो को ही इसके लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को 25 फीसदी टैरिफ लगाने की वॉर्निंग दे दी है। इसके अलावा भारत से भी कनाडा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

जस्टिन ट्रूडो की बढ़ती अलोकप्रियता की वजह से पार्टी के अंदर से उनके इस्तीफे की मांग उठ रही है। 2025 में ही कनाडा में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में पार्टी के सांसदों को लगता है कि नेतृत्व में बदलाव जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आम चुनाव में पार्टी को झटका लग सकता है।

# कंगाल पाकिस्तान पर कर्ज का बोझ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, 70.36 ट्रिलियन पीकेआर की देनदारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बढ़ते आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान का कर्ज मौजूदा वित्तवर्ष के पहले आठ महीनों में पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) 4,304 अरब तक बढ़ गया है. एआरवाई न्यूज ने आधिकारिक दस्तावेजों का हवाला देते यह रिपोर्ट दी. रिपोर्ट के अनुसार जो लोन फरवरी में 64.810 ट्रिलियन पीकेआर से अधिक था वह अक्टूबर में बढ़कर 69.114 ट्रिलियन पीकेआर तक पहुंच गया. उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में टैक्स ईयर एक जुलाई से 30 जून तक होता है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि के दौरान डोमेस्टिक लोन में 4,556 अरब पाकिस्तानी रुपये की वृद्धि हुई जबकि फॉरेन लोन में 251 अरब पाकिस्तानी रुपये की कमी आई. परिणामस्वरूप डोमेस्टिक लोन अक्टूबर तक 47.231 ट्रिलियन पीकेआर रहा जो फरवरी में 42.675 ट्रिलियन पीकेआर था. दूसरी ओर फॉरेन लोन उसी अवधि के दौरान 22.134 ट्रिलियन पीकेआर से घटकर 21.884 ट्रिलियन पीकेआर हो गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले सप्ताह विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दिए जाने वाले 500 मिलियन




अमेरिकी डॉलर से अधिक के बजट सहायता ऋण को रद्द कर दिया था. इसका कारण बताया गया कि इस्लामाबाद चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत बिजली खरीद समझौतों में संशोधन सहित प्रमुख शर्तों को समय पर पूरा करने में विफल रहा था. वाशिंगटन के लोन प्रदाता ने यह भी घोषणा की है कि वह चालू वित्त वर्ष के दौरान कोई नया बजट सहायता ऋण उपलब्ध नहीं कराएगा. इससे पाकिस्तान को और बढ़ झटका लगा है. उसके दो बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए लोन को पाने की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस निर्णय का मुख्य कारण यह है कि पाकिस्तान ने अपना ऋण कोटा काफी हद तक समाप्त कर लिया है. रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर में पाकिस्तान सरकार का कर्ज पाकिस्तानी मुद्रा (पीकेआर) 70.36 ट्रिलियन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया जो एक चौंका देने वाला आंकड़ा है. इससे देश की आर्थिक स्थिरता को लेकर चिंताएं पैदा हो रही हैं. स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में ही संघीय ऋण में 1,448 बिलियन पाकिस्तानी रुपये की वृद्धि हुई।

### पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने की प्रियंका की तारीफ, फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने पर दिया बयान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने के कदम की पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने तारीफ की है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने एक्स पर प्रियंका गांधी के बैग के साथ तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा कि जवाहर लाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की





पोती से क्या उम्मीद की जा सकती है? प्रियंका बौने लोगों के बीच तनकर खड़ी हुई हैं। यह बेहद शर्मनाक है कि किसी पाकिस्तानी सांसद ने आज तक ऐसा साहस नहीं दिखाया। फलस्तीन लिखा लेकर बैग संसद आई थीं प्रियंका कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं थी, जिस पर फलस्तीन लिखा हुआ था, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा था। प्रियंका गांधी वाड्रा के हैंडबैग पर फलस्तीन शब्द और फलस्तीनी प्रतीक दिखाई दिए, जिसमें एक तरबूज की भी तस्वीर दिखी - जिसे फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

**इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा चुकी हैं प्रियंका :** प्रियंका गांधी वाड्रा गाजा पर इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा रही हैं और उन्होंने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। इससे पहले जून महीने में, प्रियंका गांधी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि इस्राइल सरकार गाजा में नरसंहारकारी कार्रवाई कर रही है, और उन्होंने उन पर और उनकी सरकार पर बर्बरता का आरोप लगाया था।

# ब्राजील के राष्ट्रपति ने तख्तापलट का लगाया आरोप, कहा- देंगे कड़ी सजा

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ब्रेन सर्जरी के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं. उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और 2022 में तख्तापलट की कोशिश में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का ऐलान किया है. लूला के डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद सिरियो लिबनेस अस्पताल में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई जो पिछले सप्ताह हुई सर्जरी के बाद से उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी. उनकी मेडिकल टीम और प्रथम महिला रोसांगेला डा सिल्वा उनके साथ मौजूद थीं. लूला ने हिरासत में लिए गए रिटायर जनरल वाल्टर ब्रागा नेट्टो का जिक्र करते हुए कहा, मेरा मानना ??है कि जनरल ब्रागा को निर्दोष होने का पूरा अधिकार है. ब्रागा ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के अधीन रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया था. जांच में हस्तक्षेप करने के प्रयास के आरोपी ब्रागा नेट्टो को सुप्रीम फेडरल कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को गिरफ्तार कर किया गया. फेडकरल पुलिस के अनुसार, बोल्सोनारो कथित तौर पर 2022 में लूला को राष्ट्रपति पद संभालने से रोकने के लिए तख्तापलट की योजना बना रहे थे. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लूला ने कहा कि राष्ट्रपति की हत्या की साजिश में उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों का शामिल होना अस्वीकार्य है. छुट्टी मिलने के बाद लूला गुरुवार तक साओ पाओलो स्थित अपने आवास पर काम करेंगे. उसके बाद उन्हें राजधानी ब्रासीलिया की यात्रा के लिए परमिट प्राप्त करने के लिए सीएटी स्कैन कराना होगा, ताकि वे प्लानाल्टो पैलेस में अपना काम फिर से शुरू कर सकें. 79 वर्षीय लूला ने गंभीर



सिरदर्द की शिकायत की थी, जब उनके मस्तिष्क और मेनिन्जियल झिल्ली के बीच हेमेटोमा पाया गया तो उन्हें इमरजेसी सर्जरी के लिए भर्ती किया गया था. डॉक्टरों ने पुष्टि की कि हेमेटोमा से कोई चोट या अन्य बीमारियां नहीं हुई हैं.

यह मामला अक्टूबर महीने के अंत में राष्ट्रपति निवास, पैलेसियो डा अलवोराडा में लूला के गिरने से जुड़ा था, जब उनके सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी थी और पांच टांके लगे थे, जिसके कारण उन्हें रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने की अपनी यात्रा को ऐन मौके पर कैंसिल करना पड़ा था. ब्राजील के सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेंटा ने पुष्टि की है कि डा सिल्वा 2026 में फिर से चुनाव लड़ेंगे. सीएनएन ब्राज़ील के साथ एक इंटरव्यू में, पिमेंटा ने आश्वासन दिया कि दिमाग में हुए रक्तस्राव के उपचार के बाद राष्ट्रपति का स्वास्थ्य अच्छा है. उन्होंने कहा कि वह देश का नेतृत्व जारी रखने के लिए सबसे योग्य और तैयार व्यक्ति हैं.

**छात्रों को पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि हिंसा, स्कूल में गोलीबारी पर भड़के राष्ट्रपति बाइडन : वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विस्कोंसिन में एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने चिंता जाहिर की। बाइडन ने कहा कि स्कूल में बच्चों को पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि बंदूक चलाना और हिंसा करना। बाइडन ने देश में बढ़ रही बंदूक संस्कृति को लेकर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि देश की संसद को इस बारे में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। स्कूल में गोलीबारी की घटना पर हैरानी और दुख जताते हुए बाइडन ने कहा कि ऐसी घटनाएं बिल्कुल अस्वीकार्य हैं और हम अपने बच्चों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया कि आज विस्कोंसिन के मेडिसन के परिवार अपनों को खोने के दुख में हैं। हम चाहते हैं कि संसद इस पर तुरंत कोई कदम उठाए। बयान में कहा गया कि न्यूटन से लेकर उवाल्डे, पार्कलैंड और मेडिसन तक स्कूलों में गोलीबारी की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# इंडस्ट्री में आत्मसम्मान को भी घमंड समझा जाता है

अभिनेता मनोज बाजपेयी करीब तीन दशक से इंडस्ट्री में हैं। आज वे जहां हैं, उन्होंने वह जगह खुद अपनी मेहनत के दम पर बनाई है। मनोज बाजपेयी इंडस्ट्री की मुख्यधारा के कई चलनों से खुद को दूर रखते हैं। इस पर वे खुलकर बात भी करते नजर आते हैं। हाल ही में मनोज बाजपेयी इंडस्ट्री में अपने सफर पर बात करते दिखे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें घमंडी समझा जाता है। इसकी वजह है।

### पार्टी में क्यों नहीं जाते एक्टर?

हाल ही में एक मीडियो इंटरव्यू के दौरान मनोज बाजपेयी से पूछा गया कि वह विवादों से कैसे दूर रहते हैं और पार्टियों में जाने भी बचते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, मेरा कोई बड़ा विवाद नहीं रहा है, लेकिन हां, मैं किसी पार्टी में नहीं जाता हूं। अब लोग मुझे आमंत्रित भी नहीं करते हैं, क्योंकि उन्हें समझ आ गया है कि मेरे न जाने से नाराज और अपमानित होने की क्या जरूरत है, जिससे मैं बहुत खुश हूं। कृपया मुझे फोन न करें। मै रात को दस से साढ़े दस के बीच सो जाता हूं। सवेरे जल्दी उठता आया हूं हमेशा।

### कौन है इंडस्ट्री में दोस्त?

अभिनेता ने आगे कहा, मैं कुछ लोगों से मिलने जाता हूं, मेरे कुछ निर्देशक मित्र हैं। शारिब हाशमी हैं, लेकिन अभिनेता मेरे ज्यादा दोस्त नहीं हैं। मैं के के मेनन को जानता हूं और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। यहां तक कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी को भी, लेकिन अक्सर हमारी मुलाकात नहीं होती है। हम सभी बहुत व्यस्त लोग हैं।

### घमंडी समझते हैं लोग

मनोज बाजपेयी ने आगे कहा, जो लोग मुझे नहीं जानते हैं, वे मेरे प्रति एक धारणा बनाए बैठे हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि मैं बहुत घमंडी हूं, क्योंकि मैं रिजर्व रहता हूं। अलग-थलग रहता हूं। मैं अपनी निजता का सम्मान करता हूं। अगर किसी को लगता है कि मैं घमंडी हूं, तो ऐसा ही सही। जिस दिन वे मेरे साथ बैठेंगे और मुझे जानेंगे, इन सभी बातों को समझ जाएंगे। मैं घमंडी नहीं हूं, लेकिन मैं आत्म-सम्मान खा ख्याल रखता हूं। मनोज बाजपेयी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म डिस्पैच हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसे जी5 पर देखा जा सकता है।



# संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट में प्रभास के अपोजिट नजर आएंगी मृणाल ठाकुर?

संदीप रेड्डी वांगा ने दो हिट फिल्मों कबीर सिंह और एनिमल के साथ बॉलीवुड में अपने लिए जगह बनाई है। और अब, वह पैन इंडिया स्टार प्रभास की मुख्य भूमिका वाली एक और बड़ी फिल्म स्पिरिट बनाने के लिए तैयार हैं। फिल्म में प्रभास एक पुलिस वाले के किरदार में होंगे और इसके 2025 की पहली तिमाही में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। इसी बीच फिल्म की स्टारकास्ट पर आए नए और बड़े अपडेट ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है। स्पिरिट की टीम वर्तमान में प्री-प्रोडक्शन के साथ-साथ फिल्म के लिए कास्टिंग भी कर रही है। रिपोर्ट की मानें तो निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और निर्माता भूषण कुमार इस एक्शन फिल्म की फीमेल लीड के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### करीना-सैफ की जोड़ी भी मचाएगी धमाल

फिल्म स्पिरिट भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी और प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसके निर्माता कथित तौर पर फिल्म में सर्वश्रेष्ठ और सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं को शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। खबरें तो यह भी हैं कि इसमें रियल लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान भी नजर आएंगे। फिल्म में दोनों की नकारात्मक भूमिका होने की अटकलें हैं।

### स्पिरिट में होंगे कुछ ग्रे एलिमेंट्स

स्पिरिट को एसआरवी और हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बताया जा रहा है। यह पुलिस आधारित फिल्मों को आम तौर पर देखने के तरीके को बदलने का उनका प्रयास माना जा रहा है। फिल्म में अच्छे-बुरे किरदार के साथ-साथ कुछ ग्रे एलिमेंट्स भी हैं, जिनके लिए वांगा को जाना जाता है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?



इस फिल्म में भी हर्षवर्धन रामेश्वर संगीत दे रहे हैं, जिन्होंने संदीप की पिछली ब्लॉकबस्टर एनिमल में संगीत दिया था। स्पिरिट का निर्माण भद्रकाली पिक्चर्स और टी-सीरीज द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। स्पिरिट के 2026 में रिलीज होने की संभावना है। फिल्म की समाप्ति के तुरंत बाद संदीप रेड्डी वांगा रणबीर कपूर के साथ एनिमल पार्क की शूटिंग के लिए आगे बढ़ेंगे।



# थेरी की रीमेक है बेबी जॉन? वरुण धवन ने उठाया सच से पर्दा

वरुण धवन की अगली फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर खबरें हैं कि यह 2016 की तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। हालांकि, अब वरुण धवन ने इन रिपोर्ट्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। वरुण ने साफ किया है कि फिल्म रीमेक नहीं बल्कि एक रूपांतरण है। वरुण धवन के अनुसार, फिल्म के प्लॉट में बड़ा बदलाव किया है। बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है वहीं एटली इसके निर्माता हैं।



**समीरा रेड्डी जब फिल्मों में आई थीं, तो उनके चेहरे की मासूमियत ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। आगे उन्होंने अपने बोल्ड अंदाज से भी दर्शकों को हैरान किया। लेकिन लंबे समय से यह एक्ट्रेस फिल्मों से दूर है। आखिर क्या कर रही हैं, समीरा इन दिनों? एक्टिंग नहीं कर रही हैं, तो कहां व्यस्त हैं?**

# एक्टिंग से दूर होकर भी चर्चा में रहती हैं समीरा

कुछ साल ही फिल्मों में नजर आई समीरा रेड्डी ने साल 2002 में फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह कई बड़ी हिंदी फिल्मों में नजर आईं। साथ ही समीरा ने अलग-अलग दक्षिण भारतीय भाषा की फिल्में भी कीं। साल 2013 में वह आखिर बार एक दक्षिण भारतीय फिल्म में नजर आई थीं। साल 2014 में समीरा ने अक्षय वर्दे नाम के एक बिजनेस मैन से शादी कर ली और वह गोवा में बसी गईं। समीरा और अक्षय के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी। एक्ट्रेस समीरा पूरी तरह से अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गईं। अब बनी गईं सोशल मीडिया इस समय भी समीरा फैमिली लाइफ पर ध्यान दे रही हैं, साथ ही एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी बन चुकी हैं। वह अपने फैंस से, ऑडियंस से कनेक्ट रहती हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लेती हैं। समीरा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं, वह शानदार वीडियो बनाकर पोस्ट करती हैं। साथ ही इस प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों की जिंदगी में एक पॉजिटिव चेंज भी ला रही हैं। समीरा एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं तो लोग उनकी बातों को गंभीरता से लेते हैं। खासकर उनकी फैन फॉलोइंग में महिलाओं की संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में समीरा लंबे समय से बॉडी पॉजिटिविटी पर बात करती हैं। वह आम महिलाओं को सेल्फ लव की सलाह देती हैं।



# तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरुबा के तीसरे पार्ट को लेकर आया बड़ा अपडेट

तापसी पन्नू की हसीन दिलरुबा फ्रेंचाइजी ने 2021 में नेटफ्लिक्स पर अपनी शुरुआत के बाद से बहुत प्रशंसा हासिल की है। यह रोमांस और अपराध का एक रोमांचक मिश्रण था और दर्शकों द्वारा इतना पसंद किया गया कि यह एक बड़ी हिट बन गई। पन्नू के साथ, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, फिल्म की मनोरंजक कहानी और नाटकीय मोड़ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे पार्ट में सनी कौशल की एंट्री हुई वह भी हिट रही। वहीं, अब इसके तीसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। जानकारी के अनुसार, फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है।

थिएटर में दस्तक देगी हसीन दिलरुबा की तीसरी किस्त हसीन दिलरुबा के निर्माताओं ने इस साल की शुरुआत में इसका सीक्वल फिर आई हसीन दिलरुबा रिलीज किया। ओरिजनल फिल्म की तरह दूसरी किस्त को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर दर्शक मिले और चार्ट में शीर्ष स्थान पर रही। अब, इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों ने खुलासा किया है कि हसीन दिलरुबा के निर्माता अब फिर से ओटीटी मार्ग का अनुसरण करने के बजाए सिनेमाघरों में तीसरी किस्त जारी करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।


थिएटर रिलीज की बढ़ी डिमांड जानकारी के अनुसार, हसीन दिलरुबा फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्में ओटीटी पर इतनी सफल हुईं कि विभिन्न वितरकों ने निर्माताओं से तीसरी फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए कहना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि तापसी पन्नू स्टारर इस फिल्म के तीसरे पार्ट की थिएटर रिलीज की काफी डिमांड है। निर्माता अब हसीन दिलरुबा की तीसरी किस्त को सिनेमाघरों में लाने पर विचार कर रहे हैं।

### दर्शकों की उम्मीदें बढ़ीं

अगर तीसरी फिल्म वास्तव में सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो यह प्रशंसकों को बड़े पर्दे पर हसीन दिलरुबा के रहस्य और नाटक का अनुभव करने का मौका देगी। ओरिजिनल और उसके सीक्वल दोनों की सफलता को देखते हुए, तीसरे भाग से उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। संभावना है कि दर्शकों को इसके नाटकीय रिलीज की घोषणा का बेसब्री से इंतजार होगा।

### हसीन दिलरुबा फ्रेंचाइजी की सफलता

विनिल मैथ्यू द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित पहली फिल्म में तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे ने अभिनय किया था। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई और उस वर्ष मंच पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी फिल्म बन गई, जो 22 देशों में शीर्ष 10 में रही। जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित अगली कड़ी फिर आई हसीन दिलरुबा ने पांच साल बाद कहानी जारी रखी, जिसमें तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल ने अभिनय किया। फिल्म को इसकी अनूठी कहानी और तापसी पन्नू के प्रदर्शन के लिए सराहा गया, वहीं इसकी गति और कुछ कथानक मोड़ के लिए इसे आलोचना भी मिली।




# जनवरी में बजेगा साउथ-बॉलीवुड की फिल्मों का डंका, कंगना रनौत-राम चरण की फिल्म भी शामिल










**अगले साल जनवरी में कई धमाकेदार बॉलीवुड और साथ ही साउथ की धमाकेदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन सभी फिल्मों की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर राम चरण तक की फिल्में शामिल हैं। आइए जानते हैं जनवरी 2025 में रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट।**

इस लिस्ट में बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में शामिल हैं। जनवरी 2025 में रिलीज होने वाली इन फिल्मों में राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेंम चेंजर, अजय देवगन और राशा की फिल्म आजाद, कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी और सोनू सूद और जैकलीन की फतेह शामिल हैं।

### गेम चेंजर

पैन इंडिया स्टार राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर की रिलीज का दर्शकों काफी लंबे समय से इंतजार है। फिल्म के टीजर, ट्रेलर और गानों ने प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। फिल्म के शानदार गाने और धमाकेदार ट्रेलर पहले ही दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। गेम चेंजर में राम चरण एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में वो बाप और बेटे दोनों का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, अंजलि, समुथिरकानी, एसजे सूर्या, श्रीकांत, प्रकाश राज और सुनील भी नजर आएंगे। गेम चेंजर सभी दक्षिण भारतीय भाषाओं और हिंदी में रिलीज होगी। राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी।

### आजाद

निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद में अजय देवगन के अलावा राशा थडानी और अमन देवगन ने मुख्य अभिनय निभाया है। फिल्म आजाद 17 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म में अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपना डेब्यू कर रही हैं। आजाद का टीजर रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को बेहद पसंद भी आया। इस फिल्म का निर्माण रॉनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर कर रहे हैं। फिल्म में अजय, राशा और अमन के अलावा इसमें डायना पेंटी, पीयूष मिश्रा और मोहित मलिक जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### फतेह

फतेह एक आगामी बॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन खुद सोनू सूद कर रहे हैं। फिल्म में सोनी के अलावा जैकलीन नजर आएंगी। यह पहली फिल्म है, जिसका निर्देशन सोनू ने किया है। सोनू और जैकलीन के अलावा फिल्म में शिव ज्योति राजपूत और नसीरुद्दीन शाह भी नजर आएंगे। इस फिल्म का टीजर 16 मार्च को रिलीज हुआ था। फिल्म फतेह 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज होगी। इस फिल्म में अभिनेत्री कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में अभिनय करने के अलावा कंगना फिल्म की निर्माता-निर्देशक भी हैं। इस फिल्म में कंगना के अलावा अनुपर खेर, महिमा चौधरी, श्रेयस तलपदे जैसे सितारे नजर आएंगे।